डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार | 29 जून 2026 | वर्ष-32, अंक-253, पृष्ठ-12

शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15, संवत 2083 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड 25

1,042 नव चयनित
इंटर एवं स्नातक
प्रशिक्षित सहायक आचार्यों का

नियुक्ति-पत्र
वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



विशिष्ट अतिथि

श्री राधाकृष्ण किशोर
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग,
वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

श्री संजय प्रसाद यादव
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं
कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, झारखण्ड

29 जून, 2026 | अपराह्न 1:00 बजे
टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची

PR No. 383463 (School Education and Literacy) 2026-27

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड

# दृष्टिपात

## मुख्य नहर में पानी छोड़ने में विलंब से किसान चिंतित



**मोहम्मदगंज।** आर्द्रा नक्षत्र शुरू होने के बावजूद भीमबराज से मुख्य नहर में अब तक पानी नहीं छोड़ा जा सका है। इसका मुख्य कारण नहर की लाइनिंग का कार्य पूरा नहीं होने से सिंचाई विभाग को मुख्य नहर का हस्तांतरण नहीं होना बताया जा रहा है। इससे खरीफ सीजन में धान की खेती करने वाले किसान चिंतित और निराश हैं। जानकारी के अनुसार, सामान्यतः 25 जून से मुख्य नहर में पानी छोड़े जाने का निर्धारित कार्यक्रम रहता है। इस बार प्रारंभ में कोयल नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से भीमबराज जलाशय में अपेक्षित जल संग्रह नहीं हो पाया था। हालांकि अब जलाशय का जलस्तर लगभग दो मीटर तक पहुंच चुका है और पर्याप्त जल उपलब्ध है, लेकिन नहर का हस्तांतरण नहीं होने के कारण सिंचाई शुरू नहीं हो सकी है। कई किसानों ने आर्द्रा नक्षत्र की शुरुआत के साथ ही धान का बिचड़ा डाल दिया है। समय पर सिंचाई नहीं मिलने से बिचड़ा तैयार करने और रोपनी को लेकर उनकी चिंता बढ़ गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, एक जुलाई से मुख्य नहर में पानी छोड़े जाने की संभावना है, जिससे किसानों में उम्मीद जगी है। बताया जाता है कि लाइनिंग कार्य कराने वाली एजेंसी ने नियमों के विपरीत 15 जून के बाद भी मिट्टी का कार्य जारी रखा, जबकि इसके बाद इस प्रकार के कार्य पर एनजीटी के प्रावधान लागू हो जाते हैं। मुख्य नहर से हुसैनाबाद और औरंगाबाद के सिंचित क्षेत्र में समय पर पानी नहीं पहुंच पाने से खरीफ खेती प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

## फुट ओवरब्रिज के विस्तार में देरी से ग्रामीणों में नाराजगी



**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन फुट ओवरब्रिज का पूर्वी दिशा में प्लेटफॉर्म से बाहर तक विस्तार नहीं होने की संभावना से ग्रामीणों में निराशा है। उनका कहना है कि इससे पूर्वी क्षेत्र के गांवों के लोगों को रेल लाइन पार करने में अब भी जोखिम उठाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि दिसंबर 2024 में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन को ज्ञापन सौंपकर फुट ओवरब्रिज का विस्तार कराने की मांग की गई थी। मंत्री के निर्देश पर तत्कालीन डीआरएम को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया था। इसके बाद 23 जनवरी 2026 को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस के ठहराव कार्यक्रम के दौरान सांसद विष्णुदयाल राम को भी जिला परिषद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य ममता देवी तथा अन्य ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बावजूद अब तक फुट ओवरब्रिज के पूर्वी छोर तक विस्तार की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है, जबकि निर्माण कार्य जारी है। वरिष्ठ कांग्रेसी रामजन्म राम, राजद प्रखंड अध्यक्ष पंचू रजवार तथा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने सांसद का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है, ताकि पूर्वी क्षेत्र के गांवों के लोगों का सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सके।

## माहवारी स्वच्छता को लेकर किशोरियों को किया जागरूक



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड की भजनियां पंचायत अंतर्गत आशिकनगर गांव में रविवार को जलसहिया कविता देवी ने महिलाओं एवं किशोरियों के बीच माहवारी स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। सेनेटरी पैड अथवा साफ एवं सूखे कपड़े का उपयोग करते हुए उसे प्रत्येक चार से छह घंटे के अंतराल पर बदलना चाहिए। साथ ही उपयोग किए गए पैड का सुरक्षित निपटान तथा साबुन से हाथ धोना संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि माहवारी के दौरान शरीर में कमजोरी महसूस होना सामान्य प्रक्रिया है। इससे बचाव के लिए आयरन की गोली, हरी पत्तेदार सब्जियां, पौष्टिक भोजन तथा पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। कविता देवी ने कहा कि मासिक धर्म प्रकृति की सामान्य प्रक्रिया है। इसे लेकर संकोच करने के बजाय सही जानकारी और चिकित्सकीय सलाह लेने की आवश्यकता है। स्वच्छता में लापरवाही कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। मास्टर जलसहिया शारदा देवी एवं शाहजहां बेगम ने भी महिलाओं और किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अन्य जलसहियाओं से भी व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया।

# दंगवार बाजार में छह लाख के जेवर लूटने की कोशिश नाकाम

## ज्वेलर्स से बैग झपटकर भाग रहे दो बदमाशों में एक को लोगों ने दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार मुख्य बाजार में शनिवार की देर शाम स्थानीय लोगों की सतर्कता और साहस से करीब छह लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लूटने की कोशिश विफल हो गई। बाइक सवार दो बदमाशों ने ज्वेलर्स से जेवरों से भरा बैग झपटकर फरार होने का प्रयास किया, लेकिन लोगों ने पीछा कर एक आरोपी को पकड़ लिया। उसका साथी बाइक समेत मौके से भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार, दंगवार मुख्य बाजार स्थित मां शांति ज्वेलर्स के संचालक श्रवण सोनी शनिवार शाम करीब सात बजे दुकान बंद कर अपने पुत्र अंश कुमार सोनी के साथ जेवरों से भरा बैग लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार दो युवकों ने अंश कुमार के हाथ से बैग झपट लिया और भागने लगे। घटना के तुरंत बाद अंश कुमार ने बदमाशों का पीछा किया। शोर सुनकर स्थानीय युवक बबलू समेत अन्य लोगों ने साहस का परिचय देते हुए एक आरोपी को दबोच लिया। हालांकि उसका दूसरा साथी बाइक लेकर फरार हो गया।

### आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

घटना की सूचना मिलते ही दंगवार ओपी पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह ने गिरफ्तार युवक को हिरासत में लेकर हुसैनाबाद थाना भेज दिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है तथा फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। घटना के बाद कुछ समय के लिए बाजार में दहशत का माहौल रहा। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता से लाखों रुपये मूल्य के आभूषण सुरक्षित बच गए। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी की सुरक्षा हटाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत : रंजन कुमार दुबे

**चैनपुर।** प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे ने झारखंड के पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी की सुरक्षा (अंगरक्षक) वापस लिए जाने के निर्णय पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार मुखर होकर आवाज उठाने वाले पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी की सुरक्षा हटाना गंभीर सवाल खड़े करता है। रंजन कुमार दुबे ने कहा कि सरकार को आलोचनाओं का जवाब लोकतांत्रिक संवाद, पारदर्शिता और जनहितकारी निर्णयों के माध्यम से देना चाहिए, सुरक्षा वापस लेकर नहीं। उन्होंने राज्य सरकार से इस निर्णय पर तत्काल पुनर्विचार करते हुए पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी की सुरक्षा शीघ्र बहाल करने की मांग की।

## समाजसेवी हाजी शैख कलीमुद्दीन का मुंबई में निधन

**हैदरनगर।** झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक डॉ. एम. तौसीफ के पिता तथा कबरा खुर्द गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी हाजी शैख कलीमुद्दीन का रविवार को मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। हाजी शैख कलीमुद्दीन अपनी सादगी, मिलनसार व्यक्तित्व और धर्मनिरपेक्ष सोच के लिए जाने जाते थे। वे सभी धर्मों और समुदायों के लोगों का समान सम्मान करते थे तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। परिजनों ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर सोमवार, 29 जून को पैतृक गांव कबरा खुर्द लाया जाएगा।

## लटके 11 हजार वोल्ट के तार बने हादसे का कारण

- ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त पोल और बिजली तारों की मरम्मत कराने की उठाई मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के कवल-भितिहरवा गांव में 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन वर्षों से नीचे लटकी हुई है। कई स्थानों पर बिजली के पोल भी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से इस समस्या की जानकारी बिजली विभाग को दी जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने पर विभागीय कर्मी केवल आश्वासन देकर टाल देते हैं और कहते हैं कि उन्हें उच्च अधिकारियों से निर्देश नहीं मिला है। ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी एवं बिजली विभाग से लटके हुए तारों और क्षतिग्रस्त पोलों की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। इस अवसर पर जितेंद्र यादव, प्रवीण कुमार, रामजी यादव, पिंटू कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जैक सचिव की नियुक्ति में विलंब पर शिक्षकों ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** इंटर कॉलेज, उच्च विद्यालय, संस्कृत विद्यालय एवं मदरसा विद्यालयों के प्राचार्यों, प्रधानाचार्यों और शिक्षक प्रतिनिधियों की राज्यस्तरीय बैठक में जैक सचिव की नियुक्ति में हो रही देरी सहित चार सूत्री मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई। एसबीएस कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि एक माह बीत जाने के बावजूद जैक सचिव की नियुक्ति नहीं होने से स्कूलों और कॉलेजों के कई महत्वपूर्ण कार्य ठप पड़े हैं। प्रस्वीकृति, छात्र सत्यापन, शासी निकाय का गठन, निरीक्षण दल का गठन सहित अनेक प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे अभिभावकों और विद्यार्थियों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा नियुक्ति संबंधी संचिका मुख्यमंत्री कार्यालय भेजे जाने के बाद भी अब तक निर्णय नहीं लिया गया है। यदि पांच दिनों के भीतर सचिव की नियुक्ति नहीं होती है तो 5 जुलाई को जनहित याचिका दायर की जाएगी। बैठक में अनुदान समिति की बैठक शीघ्र बुलाने तथा लंबित मामलों का 15 दिनों के भीतर निष्पादन करने की भी मांग की गई। अन्यथा आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई। बैठक में शिक्षक नेता रघुनाथ सिंह, गणेश महतो, डॉ. देवनाथ सिंह, मनोज तिर्की, नरोत्तम सिंह, दिलीप घोष, पशुपति महतो, संजय कुमार, विनय उरांव, दिनेश प्रसाद, उदय यादव, फजलुल कदीर अहमद सहित कई शिक्षकों ने अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता चंदेश्वर पाठक तथा संचालन गणेश महतो ने किया।

## तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत 24 हजार बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज (पलामू)।** तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को हरिहरगंज एवं पिपरा प्रखंड में किया गया। अभियान के पहले दिन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज में बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने अभिभावकों से अपने सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाने की अपील की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद ने बताया कि अभियान के पहले दिन बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई गई, जबकि 29 और 30 जून को स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे। हरिहरगंज एवं पिपरा प्रखंड में कुल 24 हजार बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।उन्होंने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए 15 सुपरवाइजर की तैनाती की गई है तथा 130 बूथ बनाए गए हैं। बीडीओ के निर्देशन में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर सभी टीमों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार दास, प्रभारी बीपीएम दीपक कुमार, एएनएम सुमन कुमारी, करिश्मा कुमारी, एमपीडब्ल्यू प्रदीप कुमार, राजेश कुमार, बीटीटी निर्मला शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ पत्रकार के पिता के अंतिम संस्कार में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व समाजसेवी

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर के वरिष्ठ पत्रकार राजीव कुमार सिन्हा के पिता का शनिवार शाम उनके पैतृक गांव पिपरा (कुटुंबा थाना क्षेत्र) में निधन हो गया। रविवार को आयोजित अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, पत्रकारों और स्थानीय लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन, समाजसेवी शशिरंजन सिंह उर्फ पप्पू सिंह, पत्रकार अजित कुमार, असगर हुसैन, सुरेंद्र कुमार सिंह राणा, रणजीत शिक्षक चंदन कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बहू से विवाद के बाद महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के चपरवार गांव में बहू से घास काटने को लेकर हुए विवाद के बाद एक महिला ने कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान 55 वर्षीय लालो देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रविवार सुबह बहू से विवाद होने के बाद वह घर से निकल गईं और हरिहरगंज से जहरीला पदार्थ खरीदकर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे उसका सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उन्हें पहले छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामले में परिजनों का बयान दर्ज कर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## वरिष्ठ साहित्यकार वैद्य महेंद्र ठाकुर का निधन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** संगत मोहल्ला निवासी वरिष्ठ साहित्यकार, साहित्यिक संस्था 'सरोकार' के अध्यक्ष, आयुर्वेदाचार्य एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता वैद्य महेंद्र ठाकुर का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचाररत थे। उनके निधन की खबर से साहित्य, सामाजिक, राजनीतिक एवं चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। हुसैनाबाद सहित पूरे पलामू प्रमंडल में उन्हें समाजसेवी, साहित्यप्रेमी और कुशल आयुर्वेदाचार्य के रूप में विशेष सम्मान प्राप्त था। वैद्य महेंद्र ठाकुर लंबे समय तक राजद से जुड़े रहे और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से वर्षों तक निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की। बिहार में लालू प्रसाद यादव के मुख्यमंत्री रहने के दौरान वे समय-समय पर पटना जाकर उन्हें आयुर्वेदिक औषधियां भी उपलब्ध कराते थे। उनके आयुर्वेदिक ज्ञान और उपचार पद्धति की लालू प्रसाद यादव भी सराहना करते थे। उनके पुत्र अविनाश चंद्रा ने बताया कि पार्थिव शरीर रविवार को हुसैनाबाद स्थित पैतृक आवास, संगत मोहल्ला लाया जाएगा।

## आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन कराने की अपील

**मोहम्मदगंज।** सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने अभिभावकों से अपनी बेटियों का झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में कक्षा छह में नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इच्छुक अभिभावक विद्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर समय पर आवेदन करें। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय का उद्देश्य बेटियों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। नामांकन या अन्य सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा मनमानी की शिकायत मिलने पर उसे गंभीरता से लिया जाएगा।

## पंसा-बरडीहा-गाजीबिहरा मुख्य पथ बदहाल, बरसात में बढ़ी ग्रामीणों की चिंता

**शंभू चौरसिया**



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत पंसा-बरडीहा-गाजीबिहरा ग्रामीण मुख्य पथ की जर्जर स्थिति से ग्रामीणों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। करीब तीन किलोमीटर लंबी इस सड़क का वर्षों से पुनर्निर्माण नहीं होने के कारण बरसात में आवागमन और भी कठिन हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व विधायक एवं मंत्री कमलेश कुमार सिंह के पहले कार्यकाल में इस सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन उसके बाद कभी मरम्मत नहीं हुई। परिणामस्वरूप सड़क जगह-जगह टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गई है। गर्मी में उड़ती धूल और बरसात में जलजमाव व कीचड़ के कारण इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। गड्ढों के कारण चौपहिया वाहनों को भी कम दूरी तय करने में काफी समय लगता है। ग्रामीणों का कहना है कि गंभीर बीमारी अथवा प्रसव पीड़ा की स्थिति में एंबुलेंस का गांव तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार एंबुलेंस बीच रास्ते में फंस चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि गाजीबिहरा गांव के समीप वर्ष 2023 में बना पुल भी दो वर्षों के भीतर जर्जर होने लगा है और उसमें दरारें दिखाई देने लगी हैं। वहीं बरडीहा गांव के पास स्थित पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उपप्रमुख नगीना सिंह, मुखिया विकास सिंह सहित ग्रामीणों ने सड़क और पुल-पुलियों का शीघ्र पुनर्निर्माण कराने की मांग की है।

### 40 वर्ष पुराने शिव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ

# पांकी विधायक ने भूमि पूजन कर रखी आधारशिला

- सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित लगभग 40 वर्ष पुराने शिव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ रविवार को पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं भूमि पूजन के साथ किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित पंकज मिश्रा ने पूरे विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न कराया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, बीडीओ सह अंचल अधिकारी जागो महतो, थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, लाला प्रसाद यादव, अजय पासवान, कमेश यादव, छोटे लाल सोनी, मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, सचिव सुधीर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय साहू, बसंत शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मंदिर लंबे समय से जर्जर अवस्था में था, जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए समिति ने सर्वसम्मति से मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का निर्णय लिया, ताकि इसे सुरक्षित, भव्य और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि मंदिर का जीर्णोद्धार केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मंदिर श्रद्धालुओं के लिए और अधिक आकर्षण का केंद्र बने।

### मंदिर निर्माण कार्य में लोगों ने हरसंभव सहयोग देने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मंदिर निर्माण कार्य में हरसंभव सहयोग देने का संकल्प लिया। इस दौरान पूरे परिसर में "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## आईटीआई के पीछे बने जानलेवा गड्ढों को भरने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र में आईटीआई के पीछे सड़क पर बने दो बड़े गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं। लगातार हो रहे जलजमाव से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने मौके की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं सफाई कर्मियों को जलनिकासी की व्यवस्था करने तथा गड्ढों को शीघ्र भरने का निर्देश दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों टेंपो एवं अन्य वाहन गुजरते हैं। गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जबकि रात के समय यह खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय नागरिकों एवं टेंपो चालकों ने नगर पंचायत और जिला प्रशासन से जनहित में सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

## वज्रपात से गाय की मौत, किसान को हुआ नुकसान

**चैनपुर (रामगढ़)।** थाना क्षेत्र की नवरी पंचायत अंतर्गत कर्म गांव में शनिवार रात आकाशीय बिजली गिरने से एक गाय की मौत हो गई। घटना से किसान को आर्थिक क्षति हुई है। मवेशी मालिक ठुपा मुंडा ने बताया कि उनकी गाय घर के समीप पेड़ के नीचे बंधी हुई थी। रात में तेज आंधी, बारिश और गरज-चमक के दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद किसान ने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार । 29 जून 2026 । वर्ष-32, अंक-253, पृष्ठ-12
शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15, संवत 2083 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





### मुख्यमंत्री कार ड्राइव कर पहुंचे जोन्हा फॉल, उठाया मौसम का लुत्फ

# धरोहर को संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी : हेमंत सोरेन

- पत्नी विधायक कल्पना सोरेन भी थीं साथ
- स्थानीय फलों का स्वाद लिया और वहां मौजूद लोगों से भी की बात
- सोशल मीडिया पर साझा की हैं वीडियो और तस्वीरें

**नवीन मेल संवाददाता**



### सीएम ने रील भी किया साझा

जोन्हा फॉल से मुख्यमंत्री ने एक रील भी साझा की है। इसके बैकग्राउंड में क्षेत्रीय गीत 'हमर सोना झारखंड, हमर हीरा झारखंड' बज रहा है। वीडियो में वह मुस्कुराते हुए लोगों से पूछते हैं- 'कैसा लग रहा है... ये जंगल... ये वादियां... ये हमारा झारखंड!' इस रील के साथ उन्होंने लिखा, 'यहां जंगल जीवन हैं, झरने संगीत हैं, हरियाली की गोद में बसता झारखंड अद्वितीय है।'

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को एक अलग अंदाज में नजर आए। वे मानसून के सुहाने मौसम का आनंद लेने के लिए स्वयं कार चलाकर राजधानी रांची से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जोन्हा फॉल गए। उनके साथ उनकी पत्नी गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन भी थीं। सफर के दौरान उन्होंने ड्राइविंग करते और गुनगुनाते हुए अपने वीडियो और तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। ये वीडियो और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं।

जोन्हा फॉल पहुंचकर मुख्यमंत्री ने कुछ समय प्राकृतिक वातावरण के बीच बिताया। उन्होंने स्थानीय फलों का स्वाद लिया और वहां मौजूद लोगों से बातचीत भी की।

सीएम सोरेन ने अपने अनुभव साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, आज रांची शहर से कुछ ही दूरी पर स्थित जोन्हा फॉल की हरी-भरी वादियों के बीच कुछ पल बिताने का अवसर मिला। इस बीच वहां फलों का भी आनंद लिया और स्थानीय लोगों से बातचीत भी हुई।

उन्होंने आगे लिखा, बहती निर्मल जलधारा, घने जंगलों की हरियाली और पहाड़ों का शांत सौंदर्य बार-बार यह एहसास कराता है कि झारखंड प्रकृति का अनुपम उपहार है। यह हमारी साझी धरोहर है, जिसे सहेजना और संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लिखा, झारखंड के किसी भी हिस्से में जाएं, प्रकृति अपने अलग-अलग रंगों में आपका स्वागत करती दिखाई देगी। झारखंड की इस अनुपम धरती पर सभी सैलानियों का हार्दिक स्वागत है, जोहार।

हेमंत सोरेन का यह अंदाज नया नहीं है। शेष पेज 09 पर

### शराब घोटाला मामला

## पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव और उनके बेटे को ईडी का समन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रोहित को 29 और रामेश्वर उरांव को 30 जून को पूछताछ के लिए बुलाया**

**रांची।** शराब घोटाले की जांच कर रहे ईडी ने झारखंड के पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव और उनके पुत्र रोहित उरांव को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईडी ने रोहित उरांव को आज 11 बजे रांची स्थित अपने क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। वहीं, रामेश्वर उरांव को मंगलवार (30 जून) को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

यह कार्रवाई योगेंद्र तिवारी से जुड़े शराब कारोबार और उससे संबंधित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में की जा रही है। ईडी इस मामले में विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है और इसी क्रम में दोनों को पूछताछ के लिए तलब किया गया है। शेष पेज 09 पर

## सीसीएल की प्रस्तावित सड़क निर्माण योजना का ग्रामसभा में विरोध

- कोयला परिवहन के लिए उपजाऊ जमीन नहीं देंगे, सुरक्षा और खेती पर पड़ेगा प्रतिकूल असर : ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** प्रखंड के नगड़ा गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित ग्रामसभा में सीसीएल तेतरियाखाड़ परियोजना द्वारा प्रस्तावित सड़क निर्माण योजना का ग्रामीणों ने एक स्वर में विरोध किया। ग्रामसभा में जर्री और नगड़ा गांव के ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि, भू-रैयत तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

बैठक में सीसीएल तेतरियाखाड़ परियोजना पदाधिकारी के पत्रांक पीओ/टीटीके/2026-27/631 के तहत तेतरियाखाड़ कोलियरी से जर्री मेन रोड तक भुतहा नाला के किनारे लगभग तीन किलोमीटर सड़क निर्माण के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। शेष पेज 09 पर

# नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता

झारखंड पुलिस को नशा के अवैध कारोबार और नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। रांची में 4.3 किलो अफीम, चतरा में 912 किलो डोडा और लोहरदगा में 7.40 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया गया है। साथ ही, नशा के अवैध कारोबार करने वाले तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। राज्य की पुलिस नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। और, इसलिए नशा के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस अपना अभियान लगातार जारी रखे हुए है।




| मेदिनीनगर | गढ़वा |
| --- | --- |
| अधिक. | अधिक. |
| 40.7° | 41.2° |
| न्यून. | न्यून. |
| 27.8° | 29.5° |

## दृष्टिपात

### ट्रेन में यात्रियों को पिस्टल दिखा रहा युवक कोडरमा स्टेशन पर गिरफ्तार

**कोडरमा।** प्रयागराज से रांची जा रही एक ट्रेन में रविवार को पिस्टल लहराकर यात्रियों को धमकाने वाले एक युवक को कोडरमा स्टेशन पर जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्टल, मैगजीन में लोड छह कारतूस और अलग पाउच में 18 अन्य कारतूस बरामद किए गए। कार्रवाई जीआरपी ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सहयोग से की। जानकारी के अनुसार, जीआरपी को सूचना मिली थी कि ट्रेन के एक कोच में युवक नशे की हालत में हथियार लेकर घूम रहा है और यात्रियों को डरा-धमका रहा है। सूचना के बाद ट्रेन के कोडरमा स्टेशन पहुंचते ही जीआरपी के सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह और शैलेश कुमार ने संबंधित बोगी में पहुंचकर युवक की पहचान की।

### आज कल




### बड़ी सुरक्षा चूक उजागर, कुख्यात सुजीत की पत्नी हैं

## जेल पहुंचते ही रिया सिन्हा के पास मिला मोबाइल, चार सिम व चार्जर

- रांची की बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से चाईबासा मंडल कारा की गई हैं स्थानांतरित
- महिला वार्ड में प्रवेश से पहले तलाशी के दौरान बरामदगी
- सदर थाना में बीएनएस व कारा अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**



**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** झारखंड के कुख्यात सुजीत कुमार सिन्हा की पत्नी एवं विचाराधीन कैदी रिया सिन्हा को रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से चाईबासा मंडल कारा स्थानांतरित किए जाने के बाद बड़ी सुरक्षा चूक सामने आई है। जेल में प्रवेश के दौरान की गई तलाशी में उसके पास से मोबाइल फोन समेत कई प्रतिबंधित सामान बरामद हुए हैं। घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया और सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

रिया सिन्हा को चाईबासा मंडल कारा लाया गया। जेल के महिला वार्ड में प्रवेश से पहले नियमानुसार उसकी गहन तलाशी ली गई। इस दौरान उसके कपड़ों में छिपाकर रखा गया मेटालिक रंग का रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन, चार टूटे हुए सिम कार्ड, वीवो कंपनी का मोबाइल चार्जर, बोट कंपनी का चार्जिंग एडॉप्टर तथा हस्तलिखित नोट्स से भरी एक कॉपी बरामद की गई। प्रतिबंधित सामग्री मिलने के बाद जेल प्रशासन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

सदर थाना प्रभारी हीरा लाल महतो के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस यह जांच कर रही है कि प्रतिबंधित सामान जेल तक कैसे पहुंचा, इसे अंदर ले जाने में किसी की भूमिका तो नहीं थी और इसका इस्तेमाल किन उद्देश्यों के लिए किया जाना था। रविवार को सदर थाना प्रभारी हीरा लाल महतो ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रिया सिन्हा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जेल में प्रवेश से पहले मुख्यालय डीएसपी पूजा कुमारी और महिला थाना प्रभारी शीला मिंज के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों ने उसकी तलाशी ली थी। इस दौरान रिया की पैंट की जेब से अवैध रूप से छुपाया गया मोबाइल सिम कार्ड, चार्जर और अंग्रेजी में लिखे तीन पन्ने बरामद हुए। उसके विरुद्ध धारा 223/111/49/61 बीएनएस और धारा 42 कारा अधिनियम 1894 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, रिया सिन्हा के खिलाफ रंगदारी सहित 14 आपराधिक मामले विभिन्न न्यायालयों में लंबित हैं।

शेष पेज 09 पर

## चतरा के लावालौंग में एक करोड़ का डोडा बरामद

- 912 किलोग्राम डोडा मिला, पर तस्कर फरार
- एसडीपीओ ने कहा कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा

**नवीन मेल संवाददाता**




**चतरा।** चतरा पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लावालौंग थाना क्षेत्र के होसिर गांव से 912 किलोग्राम डोडा (पोस्ता भूसी) बरामद किया है। बरामद डोडा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपए बताई जा रही है। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी तस्कर जंगाली गंझू फरार हो गया। रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊ साहेब ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में आरोपी के घर से भारी मात्रा में डोडा बरामद किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही, यह पता लगाया जा रहा है कि डोडा कहां से लाया गया था और इसकी आपूर्ति किन क्षेत्रों में की जानी थी। एसडीपीओ ने कहा कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

छापेमारी अभियान में लावालौंग थाने के पुलिस अवर निरीक्षक विधायक प्रसाद यादव सहित जिला बल के जवान शामिल थे।


## लोहरदगा में खाली मकान से ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**लोहरदगा।** लोहरदगा थाने की पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री और सेवन की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अलीनगर स्थित एक खाली मकान में छापेमारी कर दोनों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। उनके पास से जांच के बाद 7.40 ग्राम ब्राउन शुगर, एक मोबाइल फोन और 3,015 रुपए नकद बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान टोरी थाना क्षेत्र निवासी इसरोज अंसारी उर्फ हैदर (27 वर्ष) और हिरही बड़काटोली निवासी जावेद अंसारी उर्फ बिल्ला (25 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ लोहरदगा थाना कांड संख्या 89/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 17(बी), 21(बी), 22(बी) एवं 29 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रविवार को दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। इसरोज अंसारी पर पूर्व से लोहरदगा थाना में मामला दर्ज है, जबकि जावेद अंसारी के खिलाफ लोहरदगा, पतरातू और कुडू थाना में चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं।

## रांची में 4.305 किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4.305 किलोग्राम अफीम के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सनिका मुंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके क जे से अफीम के अलावा एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। पुलिस अब इसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। शेष पेज 09 पर

### सरकार का मैसेज -'नशे को ना, जिंदगी को हां'



हेमंत सोरेन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है युवाओं को नशे के गिरफ्त से बचाना। राज्य सरकार नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चला रही है। सरकार की नशे के खिलाफ नीति 'नशे को ना, जिंदगी को हां' के मूल मंत्र पर आधारित है। इसका मुख्य उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों और अफीम की खेती पर सख्ती से अंकुश लगाना और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना है। राज्य सरकार ने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार और अफीम की अवैध खेती को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। साथ ही, 'नशा मुक्त झारखंड' के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें प्रचार-प्रसार वाहनों के जरिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में नशे की लत से बचाने के संदेश दिए जा रहे हैं।

### बहुप्रतीक्षित परियोजना | पुनर्वास और निर्माण कार्यों में आई तेजी

# 2027 तक तैयार होगा मंडल डैम : वीडी राम

- सांसद ने बरवाडीह-भंडारिया सड़क व नई रेल लाइन परियोजनाओं की भी दी जानकारी
- 10 फाटक पहुंचे परियोजना स्थल, मैकेनिकल कार्य का टेंडर अंतिम चरण में

**नवीन मेल संवाददाता**



### बरवाडीह-भंडारिया सड़क का निर्माण भी होगा शुरू

सांसद बीडी राम ने कहा कि बरवाडीह से भंडारिया तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य एजेंसी को आवंटित कर दिया गया है। बारिश समाप्त होने के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

**लातेहार।** पलामू के सांसद बीडी राम ने कहा कि बहुप्रतीक्षित मंडल डैम परियोजना का निर्माण कार्य अब तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी प्रक्रियाएं समय पर पूरी होने पर वर्ष 2027 तक मंडल डैम परियोजना पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगी।

सांसद ने बताया कि परियोजना के लिए प्रस्तावित 12 फाटकों में से 10 फाटक बनकर मंडल डैम स्थल पर पहुंच चुके हैं, जबकि शेष दो फाटक जयपुर में निर्माणाधीन हैं और शीघ्र ही उन्हें भी परियोजना स्थल पर लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडल डैम परिसर में सीआरपीएफ कैंप के भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। साथ ही परियोजना से प्रभावित विस्थापित परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया में भी तेजी लाई गई है। केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत पुनर्वास राशि जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी गई है।

सांसद के अनुसार, विश्रामपुर में विस्थापितों के पुनर्वास के लिए भूमि अधिग्रहण एवं चिन्हांकन का कार्य पूरा हो चुका है। वहां सड़क, बिजली, पेयजल समेत अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। आवास निर्माण शुरू होने के बाद विस्थापित परिवारों को मुआवजा देकर नए पुनर्वास स्थल पर बसाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंडल डैम के मैकेनिकल कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। टेंडर पूरा होते ही निर्माण कार्य और अधिक गति से शुरू होगा तथा परियोजना की प्रगति स्पष्ट रूप से दिखाई देगी।

### बरवाडीह-अंबिकापुर-चिरमिरी रेल लाइन को मिली स्वीकृति

सांसद ने बताया कि बरवाडीह-अंबिकापुर-चिरमिरी नई रेल लाइन परियोजना को भी स्वीकृति मिल गई है। इस परियोजना में रामानुजगंज को हब बनाया गया है, जहां से दो रेल शाखाएं विकसित होंगी। शेष पेज 09 पर


## रिम्स की जमीन पर अतिक्रमण मामले में बिल्डर गिरफ्तार

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर अपार्टमेंट निर्माण और बिक्री से जुड़े मामले में रविवार को बिल्डर शुभम साबू को गिरफ्तार कर लिया। शुभम साबू की कंपनी लकी ग्रुप पर रिम्स की सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर फ्लैटों की बिक्री करने का आरोप है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसीबी की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। जांच एजेंसी के अनुसार, लकी ग्रुप ने अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड क्षेत्र में कई बहुमंजिला अपार्टमेंट का निर्माण किया है, जबकि कुछ परियोजनाओं पर निर्माण कार्य जारी है। एसीबी अब कंपनी की भूमिका के साथ-साथ शेष पेज 09 पर

# बाजार समिति के पुनर्जीवन की मांग तेज, पार्षदों ने बोर्ड चेयरमैन से की मुलाकात

● बाजार समिति को पुनर्जीवित करना पलामू की अर्थव्यवस्था, किसानों और व्यापारियों के हित में जरूरी : रौशन कुमार नाग

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड-24 के पार्षद रौशन कुमार नाग और वार्ड-29 के पार्षद नवीन कुमार गुप्ता ने झारखंड स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह एवं प्रबंध निदेशक अजय साव से मुलाकात कर मेदिनीनगर बाजार समिति की जर्जर स्थिति और उसके पुनर्जीवन की आवश्यकता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। पार्षद रौशन कुमार नाग ने कहा कि मेदिनीनगर बाजार समिति आज अपनी उपयोगिता खोती जा रही है और विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी है। उन्होंने मांग की कि सब्जी एवं फल के थोक विक्रेताओं, गल्ला व्यापारियों, मवेशी बाजार समेत बाजार समिति से जुड़े सभी व्यापारियों को एक ही परिसर में व्यवस्थित किया जाए। वर्तमान में व्यापारियों के अलग-अलग स्थानों पर कारोबार करने से व्यापार प्रभावित हो रहा है और इसका प्रतिकूल असर पलामू की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि बाजार समिति को पुनर्जीवित कर सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाए तो सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी, स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा छोटे व्यापारियों, किसानों और आम उपभोक्ताओं को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही किसानों को अपनी कृषि उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त करने में भी सुविधा होगी। इस पर बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह ने बताया कि राज्य की सभी बाजार समितियों के विकास का मुद्दा बोर्ड की बैठक में उठाया जा चुका है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगले छह माह के भीतर झारखंड की बाजार समितियों को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। वहीं, प्रबंध निदेशक अजय साव ने भी आश्वासन दिया कि बाजार समितियों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पार्षद मनोज कुमार सिंह (बिल्लू सिंह) एवं शुभम गुप्ता भी उपस्थित थे।

## अवैध जुआ अड्डे पर गढ़वा पुलिस की छापेमारी, 11 गिरफ्तार, 51,820 नकद सहित सामग्री बरामद

**गढ़वा।** जिले के गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत रंका मोड़ स्थित मुखियाजी गैरेज के पास पेड़ के नीचे चल रहे अवैध जुआ अड्डे पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ये सभी लोग ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे थे। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान दीलीप कुमार सिंह (28), डिम्पल कुमार (35), रमेश कुमार लाल (39), जीतू श्रीवास्तव (24), पंकज कुमार (32), दूदुम राम (46), सुरेन्द्र राम (40), मो0 सगीर अंसारी (55), सीतारूद्दीन अंसारी (50), करीद खान (50) एवं उमेश कुमार रजक (38) के रूप में की गई है। पुलिस ने मौके से कुल 51,820 नगद, 05 मोटरसाइकिल, 02 ताश की गड्डी तथा 08 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गढ़वा पुलिस ने बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# पलामू में 3.97 लाख बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य, सिविल सर्जन ने किया अभियान का शुभारंभ

● मेदिनीनगर स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल से दो दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रविवार से दो दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत जिले के 3 लाख 97 हजार 521 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अभियान का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव एवं जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. एस.के. रवि ने मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा अभियान से वंचित न रह जाए।

सिविल सर्जन ने बताया कि पहले दिन बूथों पर पोलियो ड्रॉप पिलाई जा रही है, जबकि दूसरे दिन घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा दी जाएगी। इसके अलावा चलंत टीमों के माध्यम से बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है।

जिले में अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। इसके तहत 3 लाख 71 हजार 568 घरों को चिन्हित किया गया है। 1882 टीमों का गठन किया गया है, जबकि 1657 बूथ बनाए गए हैं और 3768 कर्मियों को इस कार्य में लगाया गया है।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक, सदर अस्पताल के हॉस्पिटल मैनेजर सहित कई स्वास्थ्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाभियान शुरू, 2.20 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक



**चतरा।** जिले में रविवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाभियान की शुरुआत हो गई। सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा ने नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 2,20,048 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 1,209 डोर-टू-डोर टीमें, 4,386 वैक्सीनेटर, 21 ट्रांजिट टीमें और 201 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि पहले दिन सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई, जबकि 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएंगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, एएनएम, सहिया और अन्य कर्मी उपस्थित रहे। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

## राज्यपाल से सम्मानित प्रगतिशील किसान उदय सिंह का गांव में भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**



**सतबरवा।** प्रखंड की दुलसुलमा पंचायत के मुरमा गांव निवासी प्रगतिशील किसान उदय सिंह को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार द्वारा सम्मानित किए जाने पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रांची स्थित कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने उन्हें सम्मानित किया। सम्मान मिलने की सूचना पर विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा तथा अन्य जनप्रतिनिधि रविवार को उनके आवास पहुंचे और अंगवस्त्र ओढ़ाकर, मिठाई खिलाकर तथा शुभकामनाएं देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मान केवल उदय सिंह की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे सतबरवा क्षेत्र के किसानों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि उदय सिंह ने आधुनिक कृषि तकनीक और नवाचार के माध्यम से खेती को नई दिशा दी है। उनकी उपलब्धियां अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी उन्हें कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, महामंत्री गुड्डू सिंह, मुकेश कुमार गुप्ता, धीरज कुमार सिंह, आशीष चंद्रवंशी, सुनील कुमार सिंह, महेंद्र सिंह, लालती देवी, सुनीता देवी, फुलमतिया देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## आजसू के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में रविवार को नवनियुक्त जिला कमेटी के पदाधिकारियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि केंद्रीय कमेटी में कई नेताओं को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने भी संगठन के विस्तार और जनसरोकार के मुद्दों पर मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने की। संचालन गारू प्रखंड अध्यक्ष आशीष सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन युवा मोर्चा जिला प्रभारी मुकेश यादव ने किया। मौके पर पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राम मंदिर चढ़ावा मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी : आदित्य साहू



● पलामू दौरे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बयान, राज्य की कानून-व्यवस्था पर भी साधा निशाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

दो दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंचे आदित्य साहू ने रविवार को परिसदन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार इस मामले को लेकर गंभीर है और जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में नामजद सभी आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है और आगे की जांच जारी है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भाजपा के प्रमुख संकल्पों में शामिल था, और श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े चढ़ावे में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

झारखंड की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर होती जा रही है।

उन्होंने मेदिनीनगर के कारोबारी विनीत तिवारी हत्याकांड और चैनपुर के मंटू सिंह मामले का उल्लेख करते हुए पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिससे आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है।

# दृष्टिपात

## स्कूल में बच्चों से दुर्व्यवहार के आरोपों की होगी जांच

**चतरा।** सोशल मीडिया पर वायरल शिकायत का संज्ञान लेते हुए उपायुक्त रवि आनंद ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, आरा-मोकतमा से जुड़े मामले की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। वायरल शिकायत में विद्यालय के एक शिक्षक पर बच्चों के साथ मारपीट करने, उनसे कार्य कराने, शिकायत करने पर नाम काटने की धमकी देने और दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाए गए हैं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी पक्षों का बयान लेकर निर्धारित समय सीमा में तथ्यपरक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित शिक्षक के विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## भुरकुंडा जंगल में टेंपो और कार की आमने-सामने टक्कर, चालक गंभीर घायल

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी थाना क्षेत्र के भुरकुंडा जंगल में रविवार सुबह टेंपो और कार की आमने-सामने की टक्कर में टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पहचान पितिज गांव निवासी नरेश दांगी के रूप में हुई है। बताया गया कि वह टेंपो से जूस बेचने के लिए मां भद्रकाली मंदिर, इटखोरी जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक अर्टिगा कार अचानक दूसरी लेन में आ गई और टेंपो से सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में टेंपो और कार दोनों क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थानीय लोगों ने घायल चालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## डीजे लदा पिकअप पलटा, युवक की मौत

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत अंतर्गत करानी मोड़ स्थित शिव मंदिर के समीप रविवार सुबह डीजे लदा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक का हाथ बुरी तरह कुचल जाने पर चिकित्सकों को उसकी जान बचाने के लिए हाथ काटना पड़ा। मृतक की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेत्र के घोड़दौड़ निवासी 20 वर्षीय अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल हेमंत कुमार (21), निवासी सोनपुरबीघा, थाना हंटरगंज, का इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से दोनों युवक उसकी चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हाथ के कारण हेमंत की जान बचाने के लिए डॉक्टरों को उसका हाथ काटना पड़ा। घटना की सूचना पर पाण्डेयपुरा पुलिस पिकेट प्रभारी सुनील दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत पत्नी ने चार पर लगाया हत्या का आरोप

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के तेलहेत पंचायत अंतर्गत सेलवार गांव में शनिवार रात 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान देवचरण यादव (पिता- वासुदेव यादव) के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पत्नी रंजू देवी ने अपने जेठ, जेठानी और उनके पुत्र-पुत्री पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात घर में दीवार निर्माण को लेकर देवचरण यादव और उनके बड़े भाई कामदेव यादव के बीच विवाद हुआ था। विवाद के बाद सभी अपने-अपने कमरों में चले गए। रंजू देवी ने बताया कि रविवार तड़के करीब चार बजे महुआ चुनने के लिए बाहर जाने के बाद जब वह लौटीं तो उन्होंने अपने जेठ-जेठानी को पति के कमरे से निकलते देखा। कमरे में पहुंचने पर उनके पति अचेत अवस्था में मिले। शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर हंटरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची से फोरेंसिक टीम बुलाई गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## बच्चों को पिलाई गई जीवनरक्षक खुराक



**इटखोरी (चतरा)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को इटखोरी प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाकर पोलियो उन्मूलन का संदेश दिया। अभियान के दौरान सहिया ऊषा देवी एवं लता देवी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने सभी छोटे बच्चों को समय पर पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक अभियान से वंचित न रहे। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचकर उसे पोलियो रोधी दवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाया है, तो अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम उसे घर-घर जाकर भी दवा पिलाएगी।

# मोदी सरकार ने 12 वर्षों में विकास की नई इबारत लिखी : आदित्य साहू

● पलामू में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्र की उपलब्धियां गिनाईं, झारखंड सरकार पर भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और विकास को लेकर साधा निशाना

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी बताते हुए कहा कि इस अवधि में देश ने विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के संकल्प को धरातल पर उतारा है।

पलामू में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए आदित्य साहू ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते समय नरेंद्र मोदी ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर, शोषित और वंचित वर्गों के उत्थान का संकल्प लिया था, जिसे पिछले 12 वर्षों में प्रभावी ढंग से पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की रही है और प्रधानमंत्री मोदी इसी सोच को आगे बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है। दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य देश के प्रत्येक नागरिक का संकल्प बन चुका है।

आदित्य साहू ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले और उसके बाद के भारत की तुलना करने पर विकास और सुशासन का अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। उन्होंने दावा किया कि पहली बार किसी सरकार ने गरीबों और वंचितों की चिंता करते हुए उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके घर तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने गरीबों का केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, जबकि मोदी सरकार ने उन्हें सम्मान और अधिकार देने का कार्य किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने सुरक्षा के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पहले आतंकवाद, नक्सलवाद और बम विस्फोट जैसी घटनाएं आम थीं, लेकिन केंद्र सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति के कारण इन पर काफी हद तक नियंत्रण स्थापित किया गया है।

आदित्य साहू ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार छह वर्षों में एक भी ऐसा उल्लेखनीय कार्य नहीं बता सकती, जिसे उपलब्धि कहा जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है और विकास योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के विकास के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध करा रही है, लेकिन राज्य सरकार उन संसाधनों का सही उपयोग करने में विफल रही है। नल-जल योजना, सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों में व्यापक लूट-खसोट का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड कई योजनाओं के क्रियान्वयन में पिछड़ गया है।

उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में अपराध, अवैध खनन, बालू तस्करी और भ्रष्टाचार बढ़ा है। उनका आरोप था कि जमीन म्यूटेशन जैसे सामान्य कार्यों के लिए भी लोगों से भारी राशि वसूली जा रही है तथा बिना पैसे के सरकारी कार्यालयों में काम नहीं हो रहा है।

आदित्य साहू ने कहा कि किसानों को धान खरीद का भुगतान समय पर नहीं मिल रहा, सिंचाई व्यवस्था बदहाल है और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है।

उन्होंने मीडिया से भी निष्पक्ष भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मीडिया समाज का दर्पण है और सरकार की कमियों को जनता के सामने लाना उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्रेसवार्ता में प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, सांसद बीडी राम, विधायक शशिभूषण मेहता, प्रभारी शशिभूषण भगत, मेयर अरुणा शंकर, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, मनोज सिंह, श्याम नारायण दुबे, बिपिन बिहारी सिंह सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संवाददाता के रूप में बनाइए शानदार करियर

1994 से डाल्टनगंज और 1999 से रांची से लगातार प्रकाशित दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल को दोनों संस्करणों के लिए मुख्यालय जिला और प्रखंड स्तर पर समाचारों की समझ रखने वाले जुझारू पत्रकारों और ट्रेनी युवा पत्रकारों की आवश्यकता है। पूर्ण विवरण, आधार कार्ड, अनुभव और फोटो के साथ इमेल करें। संपूर्ण पत्राचार पूर्णत: गोपनीय रहेगा। समय पर उचित सम्मानजनक पारिश्रमिक और विज्ञापनों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

प्रधान संपादक
hr.rnmail@gmail.com

### गढ़वा में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान शुरू

# 3.05 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को गढ़वा जिले में तीन दिवसीय विशेष अभियान की शुरुआत हुई। सदर अस्पताल में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ. कैनेडी ने नवजात बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कहा कि पोलियो उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए तथा सभी बूथों एवं डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 3,05,630 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 1,369 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। अभियान के सफल संचालन के लिए 2,736 स्वास्थ्यकर्मी, 49 ट्रांजिट टीमें, 31 मोबाइल टीमें तथा 267 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इस अवसर पर अस्पताल उपाधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौरव कुमार, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पिलाएंगी पोलियो की खुराक**

उपायुक्त ने बताया कि जो बच्चे पहले दिन बूथ तक नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाएंगी। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें और सुनिश्चित करें कि पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे।

## गुजरात में ट्रक चालक अरविंद राम का निधन, गांव में पसरा मातम

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के अहिरपुरवा गांव निवासी रामाधार राम के इकलौते पुत्र अरविंद राम (30) का गुजरात में निधन हो गया। वह कई वर्षों से गुजरात में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत थे। रविवार सुबह एम्बुलेंस से उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों के विलाप से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। दोपहर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक अनंत प्रताप देव मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना देते हुए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक के पुत्र मानवेन्द्र प्रताप देव, प्रदीप राम, मनोज पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# दृष्टिपात

## भवनाथपुर, केतार व खरौंधी में पल्स पोलियो अभियान शुरू



**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में रविवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। यह अभियान 28 से 30 जून तक चलेगा, जिसके तहत जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी वैक्सीन की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार भवनाथपुर, केतार और खरौंधी प्रखंडों में कुल 38,524 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 178 पोलियो बूथ तथा दो ट्रांजिट बूथ बनाए गए हैं। अभियान के सफल संचालन के लिए 208 सहियाओं, 148 स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं और 37 सुपरवाइजरों की प्रतिनियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम बूथों के अलावा घर-घर जाकर भी उन बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएगी, जो किसी कारणवश पहले दिन छूट गए हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने अभिभावकों से अपील की कि पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में सभी की भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. अभिनीत विश्वास, डब्ल्यूएचओ के प्रभात कुमार मिश्रा, अरुण लकड़ा, गुलाब खलखो, उपेंद्र कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## मेराल में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**मेराल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेराल में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सीओ सह प्रभारी बीडीओ यशवंत नायक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन तथा मुखिया रामसागर महतो ने दीप प्रज्वलित कर एवं 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर किया। सीओ यशवंत नायक ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए प्रत्येक पात्र बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अभियान में सहयोग करने तथा स्वास्थ्यकर्मियों से घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रहे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रखंड में 197 बूथों पर अभियान संचालित किया जा रहा है। पहले दिन लगभग 64 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया है, जबकि शेष बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। इस अवसर पर प्रधान सहायक विजय कुमार, बीपीएम चंचल कुमार, मंटू कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहियाएं एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## राजा पहाड़ी शिव मंदिर में वित्तीय अनियमितता की जांच की मांग

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी संगम भारत राष्ट्रीय कला सेवा संस्थान की प्रदेश अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने उपायुक्त को आवेदन देकर राजा पहाड़ी शिव मंदिर में कथित वित्तीय अनियमितता एवं मेले के दौरान अवैध वसूली की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से विभिन्न मदों में अवैध वसूली की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। साथ ही लगभग एक करोड़ रुपये की पार्क योजना को मूल स्थल से हटाकर अन्यत्र निर्माण कराए जाने को भी गंभीर वित्तीय अनियमितता बताया। उन्होंने उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जांच समिति गठित कर पिछले तीन वर्षों के आय-व्यय, दान राशि, मेला प्रबंधन एवं पार्क योजना की जांच कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल का तीन दिवसीय समर कैंप संपन्न

**श्री बंशीधर नगर।** बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का रविवार को रंगारंग समापन हुआ। समापन समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि तेजस्वी कुमार, रमना प्रमुख करुणा सोनी, थाना प्रभारी आकाश कुमार तथा बहियार खुर्द के बीडीसी प्रतिनिधि सुजीत कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के संगीत शिक्षक मुकेश द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को भक्तिमय वातावरण प्रदान किया। विद्यालय के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, निदेशक मनीष सिंह एवं उपनिदेशक युवराज सिंह ने सभी अतिथियों को शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। समर कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उत्साहवर्धन किया गया। वहीं "नो फायर कुकिंग" गतिविधि का सफल संचालन शिक्षिका अनामिका प्रजापति ने किया, जबकि मंच संचालन कोमल ने किया। अपने संबोधन में विद्यालय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्य ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। समर कैंप जैसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सहयोग की भावना विकसित करते हैं। निदेशक मनीष सिंह ने कहा कि विद्यालय बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल, कला, संस्कृति एवं जीवनोपयोगी गतिविधियों को भी समान महत्व देता है। उपनिदेशक युवराज सिंह ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में विशेष प्रतिभा होती है और ऐसे आयोजन उन्हें अपनी क्षमता पहचानने तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। प्राचार्य रविश प्रजापति ने बताया कि तीन दिवसीय समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता, सामाजिक सहभागिता एवं व्यवहारिक कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार, उत्सव, मुकेश, नीतू सिंह, प्राची पाठक, गार्गी जायसवाल, रीचा सिंह, मुस्कान, मुकेश चंद्रा, सोनू सहित विद्यालय परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में भावना ओझा ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## डोरी चुनने गई महिला पर जंगली हाथी का हमला, गंभीर रूप से घायल

- **वन विभाग ने तत्काल ₹15 हजार की सहायता दी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया (गढ़वा)।** चिनिया थाना क्षेत्र के विलैती खैर गांव में शनिवार देर शाम जंगली हाथी के हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान ललन सिंह की पत्नी पूनम देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पूनम देवी घर से सटे जंगल के किनारे डोरी (वनोपज) चुन रही थीं। इसी दौरान अचानक एक जंगली हाथी वहां पहुंच गया और उन पर हमला कर दिया। हाथी ने उन्हें पैरों से कुचल दिया, जिससे उनके पैर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने घायल महिला को तत्काल गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही रविवार सुबह वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर तत्काल राहत के रूप में 15 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने बताया कि महिला के इलाज का पूरा खर्च वन विभाग वहन करेगा। वन विभाग ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि जंगली हाथियों की गतिविधियों को देखते हुए जंगल की ओर जाते समय विशेष सतर्कता बरतें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत विभाग को दें।

## 36 वर्षों तक जनवितरण प्रणाली से जुड़े रहे विशुनधारी बैठा का निधन

**केतार (गढ़वा)।** केतार प्रखंड के परसोडीह गांव निवासी एवं जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) के डीलर विशुनधारी बैठा (85) का शनिवार को हृदयाघात से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार, उनकी पत्नी की तबीयत खराब होने पर उन्हें इलाज के लिए रांची ले जाया जा रहा था। इसी दौरान घर पर विशुनधारी बैठा को अचानक हृदयाघात हुआ। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। विशुनधारी बैठा वर्ष 1989 से जनवितरण प्रणाली के डीलर के रूप में क्षेत्रवासियों की सेवा कर रहे थे।

## कस्तूरबा विद्यालय तोड़फोड़ मामले में 10 नामजद समेत 250 अज्ञात पर प्राथमिकी

### सरकारी संपत्ति को नुकसान व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**




**खरौंधी।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में घुसकर तोड़फोड़ करने तथा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए 10 नामजद एवं करीब 200 से 250 अज्ञात महिला-पुरुषों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) बिपिन बिहारी गुप्ता के आवेदन पर दर्ज मामले में विद्यानंद मेहता, कृष्णा मेहता, सुजीत बैठा, सूर्यदेव प्रजापति, विपलेश मेहता, सोनू प्रजापति, विजय प्रजापति, पितांबर पासवान और राजेश बियार समेत 10 लोगों को नामजद किया गया है। आरोप है कि भीड़ ने विद्यालय परिसर में जबरन प्रवेश कर धक्का-मुक्की की, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई तथा विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। मामले में खरौंधी थाना कांड संख्या 42/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की विभिन्न धाराओं एवं लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। साक्ष्यों के आधार पर अन्य आरोपितों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पेयजल संकट से जूझ रहे विद्यालय की छात्राओं ने विधायक से लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी (गढ़वा)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय लामी में पिछले कई महीनों से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। विद्यालय परिसर का बोरिंग सूख जाने और जलमीनार वर्षों से खराब रहने के कारण छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं रसोइयों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा कई बार संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं होने पर छात्राओं ने स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव के नाम आवेदन सौंपकर नया बोरिंग कराने एवं पेयजल की स्थायी व्यवस्था की मांग की। आवेदन विधायक प्रतिनिधि हिफाजत अंसारी को सौंपा गया। हिफाजत अंसारी ने छात्राओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव गंभीर मामला है। विधायक को तत्काल अवगत कराकर संबंधित विभाग से शीघ्र कार्रवाई कराने का प्रयास किया जाएगा। पानी के अभाव में मध्याह्न भोजन, शौचालय की सफाई तथा विद्यालय की दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। भीषण गर्मी में बच्चों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। समाजसेवी अरविंद पासवान ने कहा कि हाल ही में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पेयजल संकट के कारण छात्राओं की तबीयत बिगड़ने की घटना के बावजूद विभाग ने कोई सबक नहीं लिया। उन्होंने तत्काल नया बोरिंग एवं जलमीनार की मरम्मत कराने की मांग की।

## राजा पहाड़ी शिव मंदिर विवाद में समिति अध्यक्ष ने आरोपों को बताया निराधार

**श्री बंशीधर नगर।** राजा पहाड़ी शिव मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल ने समिति के पूर्व महामंत्री नंदलाल प्रसाद द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार, भ्रामक और तथ्यों से परे बताया है। रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि वित्तीय अनियमितता एवं मनमानी के आरोपों के कारण समिति की आपात बैठक में नंदलाल प्रसाद को महामंत्री पद से हटाया गया था। उन्होंने कहा कि मंदिर किसी व्यक्ति या परिवार की संपत्ति नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व महामंत्री के कार्यकाल में वित्तीय पारदर्शिता का अभाव रहा तथा समिति की नियमित बैठकें और ऑडिट भी नहीं कराया गया।

## चौरिया चौपाल से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को चौरिया चौपाल में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व उप प्रमुख एवं आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि पोलियो से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर बच्चों को दवा पिलाना है। प्रत्येक अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि उनका कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। कार्यक्रम में मुखिया प्रमोद राम, मनोज कुमार चौधरी, एएनएम संगीता कुमारी, सहिया साथी पूनम कुमारी, जयप्रकाश गुप्ता, अनुज कुमार पटेल, बसंत राम सहित स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अवैध बालू परिवहन में लदा ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना पुलिस ने शनिवार रात असनाबांध गांव के समीप अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार, जब्त ट्रैक्टर असनाबांध निवासी हरिहर यादव का है। गश्ती के दौरान पुलिस को देखकर चालक भागने लगा। पीछा कर ट्रैक्टर को रोका गया, जहां जांच में अवैध बालू परिवहन की पुष्टि हुई। इसके बाद ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी को प्रतिवेदन भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन एवं बालू परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जिप अध्यक्ष ने निजी खर्च से कराई जर्जर सड़क की मरम्मत

**रमना।** मड़वनिया पंचायत के बियार टोला में जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने अपने निजी खर्च से सड़क की मरम्मत कराई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की जानकारी मिलने पर जिला परिषद अध्यक्ष ने करीब 100 गाड़ी मोरम डलवाकर सड़क को दुरुस्त कराया, जिससे लोगों को आने-जाने में सुविधा मिलने लगी है। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए उनका आभार जताया।

### भंडरिया में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

## 72 गांवों के 74 बूथों पर बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक, घर-घर भी पहुंचेगी स्वास्थ्य टीम

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया (गढ़वा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया के तत्वावधान में रविवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन उप प्रमुख श्रद्धा देवी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंह एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि 28 से 30 जून तक चलने वाले अभियान के तहत भंडरिया एवं बरगढ़ क्षेत्र के 72 गांवों में 74 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा 14 मोबाइल एवं दो ट्रांजिट टीमों की भी तैनाती की गई है, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि पहले दिन 4,000 से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। वहीं 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहियाएं घर-घर जाकर जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान में 85 सहिया, 69 सेविका, 17 सुपरवाइजर सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।

## 93.5 प्रतिशत अंक लाकर वात्सल्य सिंह हुए 'प्रतिभा सम्मान-2026' से सम्मानित

**केतार (गढ़वा)।** केतार क्षेत्र के मेधावी छात्र वात्सल्य सिंह को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 'प्रतिभा सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। उन्होंने सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। रांची स्थित गुरु नानक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एवं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उनकी इस सफलता से परिवार के साथ-साथ पूरे केतार क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## ऑटो और बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** कर्पूरी चौक के समीप शनिवार देर रात ऑटो और बाइक की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान अरसली बनखेता निवासी सुशील यादव (पिता-राम परीखा यादव) के रूप में हुई है। परिजनों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भवनाथपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. सूर्यकांत कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल सुशील यादव ने बताया कि वह बाइक पर दो अन्य लोगों के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज गति से आ रही एक ऑटो ने उनकी बाइक में साइड से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनका एक पैर टूट गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### समाहरणालय से रवाना हुए डिजिटल बिरसा कृषि जागरूकता रथ

## 15 दिनों तक पंचायतों में किसानों को करेंगे जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** जिले के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक एवं सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को समाहरणालय परिसर से डिजिटल बिरसा कृषि जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा ने जिले के तीनों अनुमंडलों के लिए एक-एक डिजिटल बिरसा कृषि जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती के साथ-साथ कृषि एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं की जानकारी सरल और प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराना है। अगले 15 दिनों तक ये डिजिटल रथ पूर्व निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार जिले की सभी पंचायतों का भ्रमण करेंगे। अभियान के दौरान प्रत्येक पंचायत में किसान संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। इनमें कृषि वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देंगे तथा योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी भी उपलब्ध कराएंगे। उपायुक्त ने जिले के किसानों से अपील की कि वे अपने पंचायत क्षेत्र में आयोजित किसान संगोष्ठियों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और आधुनिक कृषि तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय एवं उत्पादकता बढ़ाएं। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी चंद्र किशोर प्रसाद, जिला मत्स्य पदाधिकारी धनराज आर. कापसे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

**किसानों को डिजिटल प्रस्तुति के जरिए आधुनिक खेती की जानकारी दी जायेगी**

रथों के माध्यम से किसानों को ऑडियो-वीडियो एवं डिजिटल प्रस्तुति के जरिए आधुनिक खेती, उन्नत बीज, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, कृषि यंत्रीकरण, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, पशुपालन, डेयरी विकास तथा अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## लातेहार में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

# उपायुक्त संदीप कुमार ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

- तीन दिनों में 1.55 लाख बच्चों तक पहुंचेगा अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 का शुभारंभ रविवार को सदर अस्पताल परिसर में उपायुक्त संदीप कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की तथा अभिभावकों से सभी पांच वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक दिलाने की अपील की।

उपायुक्त ने बताया कि 28 से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत पहले दिन जिले के सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जबकि 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएंगी।

उन्होंने बताया कि जिले के 1 लाख 55 हजार 359 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 998 बूथ बनाए गए हैं, जिनमें 24 शहरी और 974 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं।

अभियान के सफल संचालन के लिए 1,995 स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही 1 लाख 32 हजार 487 घरों तक पहुंचने की कार्ययोजना बनाई गई है। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजार एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष ट्रांजिट टीमों की भी तैनाती की गई है। उपायुक्त ने कहा कि "दो बूंद जिंदगी की – हर बार, हर बच्चा" अभियान का मूल संदेश है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि बच्चे ने पहले कितनी भी बार पोलियो की दवा ली हो, इस अभियान के दौरान उसे दो बूंद अवश्य पिलाएं। सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो ने कहा कि अभियान की सतत निगरानी की जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

### गारू और सरयू प्रखंड में पल्स पोलियो अभियान चलाया गया



**लातेहार।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को गारू प्रखंड की छह तथा सरयू प्रखंड की तीन पंचायतों में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक दवा पिलाई गई। अभियान के दौरान बारेसाढ़, मायापुर, धानगरटोला सहित विभिन्न गांवों तथा सरयू प्रखंड के चिन्हित पंचायतों में विशेष पोलियो बूथ बनाए गए। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों सहित सभी केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम, एएनएम, सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि पहले दिन छूटे हुए बच्चों को 29 और 30 जून को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को, चाहे उन्हें पहले भी पोलियो की खुराक मिल चुकी हो, इस अभियान के दौरान अवश्य दवा पिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो एक गंभीर एवं स्थायी दिव्यांगता का कारण बनने वाली बीमारी है, जिससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय-समय पर पोलियो की दो बूंद दवा पिलाना है। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील करते हुए संदेश दिया- "दो बूंद जिंदगी की, हर बच्चे के लिए जरूरी" तथा "आओ मिलकर कसम खाएं, पोलियो को जड़ से मिटाएं।"

### एसडीओ ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दो बूंद, अभिभावकों से सहयोग की अपील



**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सुलेमान मुंडारी ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया। इस अवसर पर एसडीओ ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक को अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर दवा पिलाने से पोलियो से पूरी तरह बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर भी छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग करें और किसी भी बच्चे को अभियान से वंचित न रहने दें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पहले दिन सभी बूथों पर पोलियो की दवा पिलाई गई, जबकि अगले दो दिनों तक घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा दी जाएगी। अभियान के सफल संचालन के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं।

## दृष्टिपात

### छिपादोहर स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से सहयोगी शिक्षक की मौत



**बरवाडीह।** सीआईसी सेक्शन के बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड स्थित छिपादोहर रेलवे स्टेशन के समीप रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक सहयोगी शिक्षक की मौत हो गई। हादसा पोल संख्या 248/16 के पास हुआ। मृतक की पहचान मैक्लुस्कीगंज स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, निद्रा के सहयोगी शिक्षक सुनील कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही छिपादोहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इसके बाद शव को कब्जे में लेने के लिए राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को सूचना दी गई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर स्थित सदर अस्पताल भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि सुनील कुमार पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। हालांकि उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। छिपादोहर थाना प्रभारी याकिन अंसारी के नेतृत्व में चल रही जांच टीम में सब इंस्पेक्टर आर.के. मिंज, हेड कांस्टेबल जे.के. मीणा, कांस्टेबल रामभरोसी मीणा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के लोगों में शोक का माहौल है।

### राशन और पेंशन से वंचित विधवा को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ



**महुआडांड़।** प्रखंड की दुरुप पंचायत के पुरानडीह गांव निवासी आदिम जनजाति समुदाय की विधवा संचारिया देवी को जल्द ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने की उम्मीद जगी है। राशन और विधवा पेंशन से लंबे समय से वंचित संचारिया देवी के मामले में लातेहार के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सैयद रियाज अहमद ने संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया है। संचारिया देवी, स्वर्गीय मार्शल बृजिया की पत्नी हैं। आर्थिक तंगी के कारण उन्हें लंबे समय से राशन कार्ड और विधवा पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था, जिससे उनके समक्ष रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया था। मामले की जानकारी मिलने के बाद डीडीसी सैयद रियाज अहमद ने कहा कि महिला से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां जुटाई जा रही हैं। प्रशासन पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है। यदि जांच में महिला पात्र पाई जाती हैं तो उन्हें राशन, विधवा पेंशन सहित सरकार की सभी संबंधित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल तथ्य जुटाकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है। डीडीसी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। डीडीसी के आश्वासन के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि संचारिया देवी को शीघ्र ही राशन, पेंशन एवं अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

### टॉपर स्टूडेंट सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**चंदवा।** आइडियल कोचिंग सेंटर, सासंग में रविवार को टॉपर स्टूडेंट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। 10वीं की टॉपर प्रिया कुमारी, जानू कुमारी एवं प्रांजल कुमारी तथा 12वीं की टॉपर ईशा कुमारी, जयंती कुमारी और पूनम कुमारी सहित सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कोचिंग सेंटर के प्रबंधक पवन कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व मुखिया राजेंद्र सिंह, शिक्षक अवधेश यादव, विनीत कुमार, विजय यादव सहित अन्य शिक्षक एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य बूथों पर बच्चों को पिलाई गई जीवनरक्षक दवा



**हेरहंज।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 के तहत रविवार को पुरनी हेरहंज आंगनबाड़ी केंद्र में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत शिक्षक मिथिलेश कुमार गुप्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीरा कुमारी ने की। इस दौरान बबीता देवी, अनमोल कुमार, पल्लवी रानी एवं माही कुमारी ने अभियान के संचालन में सहयोग किया। प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य निर्धारित बूथों पर स्वास्थ्यकर्मियों, सहियाओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान 28 से 30 जून तक चलेगा। पहले दिन बूथों पर दवा पिलाई गई, जबकि 29 एवं 30 जून को घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाकर अभियान को सफल बनाएं।

### तीन दिवसीय अभियान में बूथों के साथ घर-घर जाकर भी बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक



**बरवाडीह।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 के तहत रविवार को बरवाडीह प्रखंड में जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक दवा पिलाने का शुभारंभ किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह सहित छिपादोहर, मंडल, सैदूप, केचकी, मुरु, चुंगरू, लात, आयुर्वेदिक अस्पताल बरवाडीह तथा बेतला सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं निर्धारित बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान 28 से 30 जून तक चलेगा। पहले दिन बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई गई, जबकि 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहियाओं एवं ट्रांजिट टीमों की तैनाती की गई है। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजार तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी विशेष टीमों को लगाया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाकर अभियान को सफल बनाएं।

## बारियातू में पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

- स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दवा पिलाने की अपील की

**नवीन मेल संवाददाता**



**बारियातू।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को प्रखंड के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं निर्धारित बूथों पर जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

फूलसू आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपप्रमुख निशा सहादेव ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। वहीं शिबला पंचायत के मकरा गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एएनएम अर्चना हस्सा, सीएचओ ममता कुजूर तथा साहिया किरंती देवी ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। एएनएम अर्चना हस्सा ने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दो बूंद पिलाई जा रही है। पहले दिन बूथों पर दवा पिलाई गई, जबकि 29 और 30 जून को स्वास्थ्यकर्मी एवं आंगनबाड़ी सेविकाएं घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएंगी। उन्होंने बताया कि पोलियो वायरस केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और रीढ़ की हड्डी को प्रभावित कर स्थायी लकवे का कारण बन सकता है। इसलिए प्रत्येक बच्चे को समय पर पोलियो की खुराक दिलाना बेहद आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाकर इस अभियान को सफल बनाएं।

### चंदवा में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

## 21,379 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य, 137 बूथों पर चल रहा अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदवा में रविवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। बीडीओ चंदन प्रसाद, अंचलाधिकारी सुमित कुमार झा, विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) विजय दुबे एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

प्रखंड में 21,379 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 137 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। बीपीएम अमित सिंह ने बताया कि पहले दिन सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जबकि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएंगी। इसके अलावा यात्रियों के बच्चों के लिए टोरी रेलवे स्टेशन, महुआमिलान, सुभाष चौक एवं इंदिरा गांधी चौक पर चार ट्रांजिट टीमों की तैनाती की गई है। बीडीओ चंदन प्रसाद ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। अंचलाधिकारी सुमित कुमार झा ने कहा कि जनसहभागिता से ही अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सकता है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं विधायक प्रतिनिधि विजय दुबे ने कहा कि झारखंड में इस अभियान के तहत 61.26 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है और 24,507 बूथ बनाए गए हैं।

### दिव्यांगजनों के अधिकारों को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित



**गिद्धौर (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के सचिव के निर्देशानुसार रविवार को गिद्धौर पंचायत में दिव्यांगजनों के अधिकारों पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अधिकार मित्र सुरेश प्रसाद राणा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को दिव्यांगजनों के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में बताया गया कि दिव्यांगता को दया या सहानुभूति के बजाय अधिकारों के दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 (आरपीडब्ल्यूडी एक्ट) के तहत 21 प्रकार की दिव्यांगताओं को मान्यता दी गई है तथा शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन में समान अवसर सुनिश्चित किए गए हैं। इस दौरान दिव्यांग पेंशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क किया जा सकता है। अंत में ग्रामीणों से दिव्यांगजनों के अधिकारों के प्रति जागरूक होकर उन्हें सम्मानजनक एवं सुगम जीवन उपलब्ध कराने में सहयोग करने की अपील की गई।

### जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पिलाई 'दो बूंद जिंदगी की', घर-घर जाकर भी दी जाएगी दवा



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गिद्धौर में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, सतेंद्र दांगी एवं स्वास्थ्यकर्मी रंजू देवी ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बूथ दिवस पर छूटे हुए बच्चों को अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पोलियो की खुराक देंगी, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक दवा से वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्यकर्मी बीरेंद्र दांगी सहित अन्य कर्मचारी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम अभियान को सफल बनाने में सक्रिय रही।

## ग्राम सेवा परियोजना के विकास कार्यों का हुआ निरीक्षण

- एसबीआई फाउंडेशन की टीम ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति और गुणवत्ता का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** मनिका प्रखंड में एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से संचालित ग्राम सेवा परियोजना के अंतर्गत रविवार को एसबीआई फाउंडेशन के सहायक प्रबंधक मुक्तार ने परियोजना क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। उनके साथ वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक एसपीएम अभिषेक शंकर, डॉक्यूमेंटेशन ऑफिसर सुश्री अनी, सपोर्ट टीम सदस्य अभिषेक गुप्ता तथा ग्राम सेवा परियोजना प्रबंधक जितेंद्र कुमार मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने +2 उच्च विद्यालय मटलौंग, मार्केट शेड मटलौंग, उरांव टोली आंगनबाड़ी केंद्र, औराटांड़ प्रेरणा केंद्र, आटा चक्की, जुंगुर तालाब, ग्राम सेवा केंद्र तथा सीटीसी एवं वाईटीसी केंद्र का भ्रमण कर परियोजना के तहत संचालित विकास कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता की समीक्षा की। टीम ने लाभार्थियों एवं ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली तथा आवश्यक सुझाव और मार्गदर्शन भी दिया। इस अवसर पर एफओएपीएम दिलीप रजक, निखिल कुमार, ग्राम सेवक हरिहर सिंह, द्वारिका उरांव, विकास प्रसाद, रवि कुमार, पंचम सिंह, हेल्थ डॉक्टर अमर भगत तथा वेटनरी डॉक्टर श्वेता कुमारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### हल्की बारिश से मौसम सुहावना, किसानों में बढ़ी उम्मीद

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में रविवार को हुई हल्की बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश का सबसे अधिक लाभ किसानों को मिला है। लंबे समय से अच्छी वर्षा का इंतजार कर रहे किसान अब खेतों की जुताई, धान की नर्सरी तैयार करने तथा रोपाई की तैयारी में जुट गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में एक बार फिर रौनक लौट आई है। किसान बैलों और ट्रैक्टरों से खेत तैयार कर रहे हैं, जबकि कृषि कार्यों में मजदूरों की व्यस्तता भी बढ़ गई है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने कार्यकर्ताओं से लिया फीडबैक

- लातेहार दौरे में संगठनात्मक बैठक, राज्य सरकार पर साधा निशाना

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** पलामू दौरे के बाद भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू रविवार को लातेहार जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

उन्होंने संगठनात्मक बैठक में जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन की गतिविधियों, केंद्र सरकार की योजनाओं तथा राज्य की वर्तमान परिस्थितियों पर फीडबैक लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीबों, किसानों और मजदूरों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी योजनाओं से ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

उन्होंने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। महिलाओं पर अत्याचार, भूमि कब्जा और आदिवासी समाज के अधिकारों के हनन जैसी घटनाएं बढ़ी हैं तथा विकास कार्य प्रभावित हुए हैं।

बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पार्षद शैल मिश्रा ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक



- अभिभावकों से अभियान में सहयोग की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** नगर परिषद के वार्ड संख्या 21 स्थित ज्योति संघ प्रांगण में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। वार्ड पार्षद शैल मिश्रा ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि भारत ने पोलियो पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त की है, लेकिन इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक अवश्य दिलानी चाहिए। उन्होंने अभियान को बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए जनसहभागिता पर जोर दिया। कार्यक्रम में सहिया पिंकी कुमारी, एएनएम रोसालिया तिर्की, जया कुमारी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### गुमला में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

# तीन दिवसीय अभियान में 1.49 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में रविवार को सदर अस्पताल, गुमला से तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन एवं एसआरएम नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. शम्भूनाथ चौधरी ने की।

जिले में पहले दिन 0 से 5 वर्ष तक के 1,49,570 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 597 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। वहीं 29 एवं 30 जून को 1,198 स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। अभियान की निगरानी के लिए 119 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं।

उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन ने कहा कि पोलियो पर भारत की जीत को कायम रखने के लिए हर बच्चे तक दवा पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कहा, ₹कोई भी बच्चा छूटे नहीं, सुरक्षा कवच टूटे नहीं।₹ वहीं सिविल सर्जन डॉ. शम्भूनाथ चौधरी ने कहा कि दो बूंद जिंदगी की, पोलियो पर अंतिम प्रहार₹ केवल नारा नहीं, बल्कि हर बच्चे के स्वस्थ भविष्य का संकल्प है।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. सुनील राम ने बताया कि पहले दिन बूथों पर दवा पिलाई जाएगी, जबकि अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी। इस अवसर पर डॉ. के.के. मिश्रा, डॉ. अनुपम किशोर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा, जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आनंद, जिला लेखा प्रबंधक प्रमोद साहु, जिला डाटा प्रबंधक मो. इकबाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, एएनएम, सीएचओ, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## डीसी के निर्देशों के बावजूद पांच दिन बाद भी नहीं बना राशन कार्ड

- आयुष्मान योजना से वंचित लिवर सिरोसिस का मरीज
- प्रशासनिक निर्देशों के पालन पर उठे सवाल
- इलाज के लिए आर्थिक संकट से जूझ रहा परिवार

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** सदर अस्पताल में भर्ती लिवर सिरोसिस से पीड़ित 30 वर्षीय जगरनाथ तिर्की के मामले में प्रशासनिक निर्देशों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर सामने आया है। उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने बीते सोमवार अस्पताल पहुंचकर मरीज से मुलाकात की थी और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर दो दिनों के भीतर राशन कार्ड बनाकर आयुष्मान कार्ड जारी करने का निर्देश दिया था। लेकिन निर्देश के पांच दिन बाद भी न तो राशन कार्ड बन पाया है और न ही आयुष्मान कार्ड, जिससे मरीज अब भी सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के लाभ से वंचित है।

जगरनाथ तिर्की, पिता रोपना उरांव, ग्राम काटासारू खटगांव के निवासी हैं और 8 जून 2026 से सदर अस्पताल के वार्ड संख्या-125 के बेड संख्या-35 पर भर्ती हैं। मरीज का कहना है कि उपायुक्त के दौरे के बाद उन्हें उम्मीद थी कि इलाज और सरकारी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध होंगी, लेकिन अब तक स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। उनका आरोप है कि चिकित्सक भी नियमित रूप से देखने नहीं आते और डीसी के दौरे के बाद कोई अधिकारी उनका हालचाल लेने तक नहीं पहुंचा।

परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। इलाज का खर्च उठाने के लिए प्रतिज्ञा महिला संगठन की अध्यक्ष देवकी देवी ने मरीज की पत्नी रोहिणी कुजूर के साथ जशपुर रोड पर भिक्षाटन कर 310 रुपये जुटाए थे, ताकि दवाइयों और अन्य आवश्यक खर्चों की व्यवस्था हो सके।

मामले ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जब उपायुक्त के स्पष्ट निर्देशों का समय पर पालन नहीं हो सका, तो आम जरूरतमंदों की समस्याओं के समाधान को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। मरीज का परिवार अब भी उम्मीद लगाए बैठा है कि जल्द राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें आवश्यक सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## सदर अस्पताल में डायबिटीज मरीजों को नहीं मिल रही रोटी

- दोनों वक्त केवल चावल परोसने का आरोप, मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन से वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** सदर अस्पताल में भर्ती मधुमेह (डायबिटीज) मरीजों के भोजन को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। घाघरा प्रखंड के बहादुरा गांव निवासी परमेश्वर उरांव ने आरोप लगाया कि अस्पताल में पिछले एक सप्ताह से दोनों समय केवल चावल परोसा जा रहा है, जबकि डायबिटीज मरीजों के लिए चिकित्सकीय सलाह के अनुसार रोटी और संतुलित भोजन आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि कई बार रोटी की मांग करने के बावजूद व्यवस्था नहीं की गई। उनका आरोप है कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तथा विरोध करने पर मेन्यू चार्ट तक हटा दिया गया।

अस्पताल के रसोईघर के एक कर्मी ने बताया कि रोटी बनाने वाली महिला कर्मी छुट्टी पर हैं, इसलिए फिलहाल मरीजों को केवल चावल दिया जा रहा है।

मरीजों और उनके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था कर डायबिटीज मरीजों को चिकित्सकीय सलाह के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराने की मांग की है।

## घरेलू विवाद के बाद महिला ने कीटनाशक खाया, सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** रायडीह प्रखंड क्षेत्र में रविवार सुबह घरेलू विवाद के बाद 26 वर्षीय एक विवाहित महिला ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसे तत्काल सदर अस्पताल, गुमला में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच किसी घरेलू बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद महिला ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सुबह करीब 10 बजे अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को भर्ती कर चिकित्सकीय निगरानी में रखा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

## खेत की ओर गए युवक को जहरीले सांप ने डसा, सदर अस्पताल में भर्ती

- खेत में घूमने के दौरान पैर में सांप ने काटा, एंटी स्नेक वेनम देकर चिकित्सकीय निगरानी में उपचार जारी

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के पुगू गांव में खेत की ओर घूमने गए एक युवक को जहरीले सांप ने डस लिया। घटना के बाद परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए उसे सदर अस्पताल, गुमला में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार पुगू गांव निवासी 22 वर्षीय अंकित कुल्लू (पिता- महेंद्र उरांव) रविवार को गांव के शशामखेत की ओर घूमने गया था। इसी दौरान पगडंडी पर छिपे एक जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया। शुरुआत में हल्का दर्द महसूस हुआ, लेकिन कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। अंकित किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे तत्काल सदर अस्पताल, गुमला लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के साथ एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) सहित आवश्यक दवाएं देकर उसे भर्ती कर लिया। फिलहाल उसकी स्थिति पर चिकित्सकों की लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## सिसई में श्रद्धा, भाईचारा और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ मुहर्रम मेला



- कंस नदी तट पर अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन और भव्य जुलूस, गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** केंद्रीय मुहर्रम कमिटी सिसई के तत्वावधान में शनिवार शाम को मुहर्रम का पर्व अकीदत, भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह पर्व इमाम हुसैन की कर्बला में दी गई शहादत की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर सिसई के कंस नदी तट पर भव्य मुहर्रम मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न गांवों से आए अखाड़ा दलों ने पारंपरिक बाजा-गाजा, ताजिया और अस्त्र-शस्त्र के साथ जुलूस के रूप में भाग लिया। यहां प्रतिभागियों द्वारा पारंपरिक करतबों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

इसके बाद अखाड़ा दल सिसई बाजार टांड में एकत्रित हुए, जहां से भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस थाना परिसर होते हुए विभिन्न मार्गों से बस स्टैंड तक पहुंचा और देर रात शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

थाना परिसर में स्थानीय हिंदू समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मुहर्रम कमिटी के पदाधिकारियों का भगवा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया, जिससे भाईचारे और सौहार्द का संदेश और मजबूत हुआ।

पूरे आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी नीरज कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव लगातार स्थिति पर नजर बनाए रहे।

कार्यक्रम में अनुशासन, उत्साह और आपसी सौहार्द का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने इसे गंगा-जमुनी तहज़ीब की जीवंत मिसाल बताया।

## अपर सचिव ने डुमरी गांव का किया भ्रमण, सामुदायिक वन पट्टा से आजीविका व वन संरक्षण पर ग्रामीणों से की चर्चा

**गुमला।** झारखंड सरकार के वित्त विभाग के अपर सचिव कर्ण सत्यार्थी, भाप्रसे द्वारा आज चैनपुर प्रखंड अंतर्गत उपर डुमरी गांव का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने कल्याण विभाग से सामुदायिक वन अधिकार पट्टा प्राप्त करने के उपरांत ग्रामीणों द्वारा आजीविका संवर्धन, वन संरक्षण एवं सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।अपर सचिव ने ग्रामीणों एवं वनाधिकार समिति के सदस्यों के साथ संवाद करते हुए सामुदायिक वन अधिकार के प्रभावी क्रियान्वयन, वन आधारित आजीविका के सुदृढ़ीकरण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं, उपलब्ध संसाधनों तथा भविष्य की संभावनाओं के संबंध में भी विस्तार से बातचीत की तथा स्थानीय आवश्यकताओं को समझा।उन्होंने कहा कि सामुदायिक वन अधिकार के माध्यम से स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाते हुए वन संरक्षण एवं सतत आजीविका को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसके लिए, समुदाय की सक्रिय भागीदारी एवं संसाधनों का समुचित प्रबंधन आवश्यक है।इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी श्री आलोक रंजन, फिया फाउंडेशन के प्रतिनिधि ललित महतो, बारीडीह पंचायत के मुखिया, वनाधिकार समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भरनो में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत चिकित्सा प्रभारी डॉ. जाहिद अख्तर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा एवं मुखिया मंजू देवी ने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर की। डॉ. जाहिद अख्तर ने बताया कि पहले दिन प्रखंड में 9,946 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई, जबकि कुल 10,516 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को दवा पिलाएंगी, जो पहले दिन किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा ने भी स्वास्थ्यकर्मियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ अभियान सफल बनाने का निर्देश दिया। अभियान को सफल बनाने में डॉ. धीरज मंडल, डॉ. गुलजार अली, डॉ. प्रियंका सिंह, बीपीएम रविंद्र कुमार, युगल किशोर साहू, परवीन कुमार, आनंद लाल, फहीम चौधरी, सुभेश्वर सिंह, साबिया मिंज, शिवांकी केशरी, अनिता कुजूर, खलबी उरांव, प्रेम प्रसाद सहित सभी एएनएम, सहिया एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।

## खेत से लौट रहे किसान की मौत परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा (गुमला)।** थाना क्षेत्र के कुगांव गांव में रविवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया और एक परिवार की खुशियां पलभर में छिन गईं। मृतक की पहचान देवराज उरांव (42) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, देवराज उरांव दोपहर में अपने खेत में धान का बिचड़ा छिटने का कार्य कर रहे थे। काम पूरा कर वे घर लौटने की तैयारी में थे, तभी अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली उन पर गिर पड़ी। वज्रपात इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक देवराज दम तोड़ चुके थे। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि देवराज ही परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं। सबसे बड़ा बेटा नौवीं कक्षा में पढ़ता है। पिता की असमय मृत्यु से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है और परिवार गहरे आर्थिक संकट में आ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र आपदा राहत राशि एवं सरकारी मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## चैनपुर में नशा मुक्ति व विधिक जागरूकता अभियान आयोजित




**चैनपुर (गुमला)।** विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के निर्देशानुसार चैनपुर प्रखंड के बसाईर टोली गांव में नशा मुक्ति एवं विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आयोजित बैठक में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों और इसके सामाजिक-आर्थिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें। साथ ही ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों एवं विधिक सहायता की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में पैरा लीगल वॉलंटियर विष्णु रौतिया ने सक्रिय भूमिका निभाई। बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## नाबालिग की बाइक दुर्घटना में गंभीर चोट

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और कथित नशे की हालत में बाइक चलाने के दौरान 15 वर्षीय किशोर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, गुमला रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार बाजरा गांव निवासी शिव शंकर राम (15), पिता दशरथ राम, बाइक से नवाटोली बाजार गया था। लौटने के दौरान बिलिंगबिरा रोड पर उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में किशोर के चेहरे, गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पालकोट ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने शनिवार शाम बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज जारी है। यह घटना नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और नशे की हालत में वाहन संचालन के गंभीर खतरे को भी उजागर करती है।

## चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत, 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई गई दवा



**चैनपुर (गुमला)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस के अवसर पर चैनपुर प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अभियान की शुरुआत जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीपशिखा किंडो और डॉ. प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर की।चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीपशिखा किंडो ने बताया कि आज 'बूथ डे' है, जिसके तहत चैनपुर ब्लॉक में कुल 49 बूथ बनाए गए हैं। आज 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को नजदीकी बूथों पर लाकर पल्स पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। उन्होंने आगे जानकारी दी कि जो बच्चे आज किसी कारणवश बूथ पर नहीं आ पाए हैं, उन्हें कवर करने के लिए 29 और 30 तारीख को सहिया दीदी और एएनएम द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक दी जाएगी।मौके पर मौजूद जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा₹यह अभियान 28 से 30 तारीख तक चलेगा। मैं सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह करती हूँ कि अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो की ड्रॉप्स जरूर पिलाएं, ताकि हमारे बच्चे स्वस्थ रहें और उनका भविष्य बेहतर हो सके।₹इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के अन्य स्वास्थ्य कर्मी, सहिया दीदी और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं अपने बच्चों के साथ मौजूद रहीं।

# भरनो में प्रखंड स्तरीय लिटिल चैंप व सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज, विजेता टीमें जिला स्तर पर दिखाएंगी दम

नवीन मेल संवाददाता






**भरनो (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल भरनो के खेल मैदान में शनिवार को प्रखंड स्तरीय लिटिल चैंप एवं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।पूरे दिन चले रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अनुशासित खेल और शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।प्रतियोगिता का उद्घाटन बीपीओ सूरज लकड़ा,बीआरपी समीम एजाज,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मंजू खाखा,एलईओ स्मिता लुगुन एवं राजदीप गुप्ता ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं उन्हें खेल भावना के साथ खेलने की शुभकामनाएं देकर किया।अतिथियों ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करती हैं।लिटिल चैंप अंडर-12 प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की पांच-पांच टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में बालिका मध्य विद्यालय भरनो और हाई स्कूल कनारवा की टीम आमने-सामने हुई। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए बालिका मध्य विद्यालय भरनो ने खिताब अपने नाम किया।वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में हाई स्कूल कनारवा और बालिका मध्य विद्यालय भरनो के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया।निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही।इसके बाद मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें हाई स्कूल कनारवा की टीम ने एक गोल के अंतर से जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।आयोजकों ने बताया कि सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 29 जून (सोमवार) को खेला जाएगा।इस प्रतियोगिता में चयनित सभी वर्गों की विजेता टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भरनो प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी,खेल मैदान में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की अच्छी उपस्थिति रही, जिससे पूरे आयोजन का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। प्रतियोगिता के सफल संचालन में सीआरपी भूषण केशरी,नूर एहसान,अमित टोप्पो,कुंवर कुजूर,कलेश्वर सिंह सहित अन्य शिक्षकों एवं खेल पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राष्ट्रीय नवीन मेल

# करोड़ों का भविष्य पर हत्या करने पर उतारू दुल्हनें



इंडिया

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हम सभी के बीच आम धारणा है कि यदि हमारे पास पैसे हों तो हम दुनिया की हर खुशी खरीद सकते हैं, जबकि पुरानी कहावत है कि पैसे से खुशी हासिल नहीं की जा सकती। पुणे में उच्च शिक्षित आर्थिक रूप संपन्न युवा जोड़ा जो सोशल मीडिया पर हिट बटोर रहा था दांपत्य जीवन शुरू करने से पहले बिखर गया। आरोप दुल्हन और उसके प्रेमी पर है जैसा गत वर्ष भी हुआ था।केतन अग्रवाल हत्याकांड से यह भी पता चलता है कि ऐसी पीढ़ी, जिसे एक परफेक्ट जिंदगी जीने के लिए तैयार किया गया हो, कमियों, नाकाम रिश्तों, अस्वीकार किए जाने, माता-पिता की नाराजगी और सामाजिक शर्मिंदगी का सामना करने में किस कदर जूझती दिखती है और किस सीमा तक जा सकती है। यह शादी करोड़ों रुपयों की थी। इस समारोह के लिए राजस्थान में एक महल बुक किया गया था। मेहमानों को लाने-ले जाने के लिए प्राइवेट जेट किराये पर लिए गए थे। एक युवा जोड़ा अपनी नई जिंदगी की वैसी शुरुआत करने जा रहा था, जो इंस्टाग्राम पर खूब पसंद की जाती। केतन अग्रवाल हर मायने में एक आदर्श बेटे और करोड़ों रुपये के पारिवारिक कारोबार के उत्तराधिकारी थे। विदेश से पोस्ट-ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह हाल ही में भारत लौटे थे और परिवार के बिजनेस की जिम्मेदारी संभाल चुके थे। 26 साल की उम्र में, उनके परिवार ने तय किया कि उनकी जिंदगी के अगले कदम, यानी शादी के लिए यह सही समय है। इसके लिए उन्हें अधिक तलाश भी नहीं करनी पड़ी। लड़की पुणे की रहने वाली थी और उसका परिवार भी परिचितों में ही था। उस समय यह सब बहुत अच्छा और किस्मत का खेल लगा होगा। पर दुखद अंत ने लोगों की धारणा को तोड़ा कि पैसा किसी परिवार को दुख और त्रासदी से बचा सकता है और यह कि एक भव्य और आलीशान भारतीय शादी अपने आप में प्यार, भरोसे और भावनात्मक रूप से मजबूत रिश्ते की गारंटी होती है। पर भारतीय शादियां अब निजी समारोह के बजाय एक सार्वजनिक प्रदर्शन और सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक अधिक बन चुकी हैं। लेकिन पूरे देश का ध्यान खींचा जब सोशल मीडिया पर अपनी परीकथा जैसी जिंदगी दिखाने वाली, मुस्कुराती और खुश नजर आने वाली 20 वर्षीय लड़की को देखकर शायद ही कोई उसे कातिल मानता। केतन और सिया के आकर्षक वीडियो में, दर्शक एक ऐसी युवा महिला को देखते हैं, जो प्यार में डूबी हुई है। वह खुशी से झूमती है, शर्माती है और अपने होने वाले दूल्हे के प्यार में खोई हुई लगती है। जबकि, इन सबके बीच, सिया अपने बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी के साथ मिलकर अपने मंगेतर की हत्या की योजना बना रही थी। यह एक ऐसा धोखा था, जिसने पूरे देश को चौंका दिया है। एक तरफ सबके सामने सपनों जैसी जिंदगी का दिखावा करना और असल में मन ही मन किसी की हत्या करने के ख्यालों में डूबे रहना-20 वर्ष की होने वाली दुल्हन के रूप में सामने आई सिया की कहानी इन्हीं दो पहलुओं के इर्द-गिर्द घूमती है। सिया की हरकतों से ऐसी सनकी मानसिकता झलकती है, जो आमतौर पर खूंखार अपराधियों में देखी जाती है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि केतन की मौत के बाद भी उसके व्यवहार में न तो किसी तरह का पछतावा दिखाई दिया और न ही दुख का एहसास। उल्टा, उसने सामान्य दिखने का नाटक किया। यही बात इस पूरे मामले को और भी बेचैन करने वाली बना देती है। यह मामला बच्चों को मिल रही सुख-सुविधाओं को लेकर भी कुछ असहज सवाल खड़े करता है। अमीर परिवारों के पास अक्सर ऐसी जिंदगी बनाने के साधन होते हैं, जो बेहद सुरक्षित और आसान हों। लेकिन, पैसा किसी को भावनात्मक मजबूती, झगड़ों को सुलझाने की समझ या मुश्किल फैसले लेने का साहस नहीं सिखा सकता। जबकि हर भारतीय परिवार बच्चों को शादी के बारे में तो सिखाता है, लेकिन बहुत कम परिवार ही उन्हें यह सिखाते हैं कि अगर रिश्ता सही न लगे, तो सहजता से उससे पीछे कैसे हटें। हम वादों को तो अच्छा मानते हैं, पर किसी गलत फैसले से समय रहते पीछे हटने को कमजोरी या शर्म की तरह देखते हैं। जहां हम समारोहों पर करोड़ों रुपए खर्च करते हैं, वहीं भावनात्मक समझ पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते। 'मैं यह शादी नहीं करना चाहती' कहना आसान नहीं, इससे किसी का दिल टूट सकता है, परिवारों को शर्मिंदगी झेलनी पड़ सकती है और भारी आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। शायद केतन अग्रवाल मामले की सबसे बड़ी सीख यही है कि यह सिर्फ एक अपराध की कहानी नहीं, बल्कि उस शादी के तमाशे की कहानी है, जो कभी शुरू ही नहीं होनी चाहिए थी। सिया गोयल ने पुलिस को पूछताछ में यह बताया कि उसे केतन का हकलाना पसंद नहीं था। केतन से शादी न करने का कारण था कि वह चेतन चौधरी से प्यार करती थी और उसके सिर पर कम बाल थे और वह विग लगाता था। शादी तय करते समय सिया के परिवार के लोगों को इस बात की जानकारी थी, लेकिन इसे सामान्य मान लिया गया।



**विचार प्रवाह** जब तक तुम ईश्वर को पा नहीं लेते, मनोरंजनों में रुचि न रखना ही अच्छा है। मनोरंजन खोजने का अर्थ है भगवान को भूल जाना। पहले प्रभु से प्रेम करना और प्रभु को जानना सीख लो। उसके बाद तुम जो भी करो उससे फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे सदा तुम्हारे विचारों में बने रहेंगे। **- श्री श्री परमहंस योगानंद, 'परमहंस योगानंद के वचनामृत'**

# स्वप्न-संवाद : जब कबीर ने चेतना को जगाया

आज की बात



डॉ यल कोमुरा रेड्डी

> आज का मनुष्य इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से कुछ ही क्षणों में असीम जानकारी प्राप्त कर सकता है, किन्तु आत्मचिंतन, नैतिक विवेक और मानवीय संवेदनाएँ निरंतर क्षीण होती जा रही हैं। कबीर का यह संदेश हमें स्मरण कराता है कि ज्ञान का सर्वोच्च रूप आत्मज्ञान है

*एक आत्ममंथन, एक जागरण और आधुनिक युग के लिए संत कबीर का कालजयी संदेश!*

रात का अंतिम प्रहर था। चारों ओर ऐसा निस्तब्ध वातावरण पसरा था मानो सम्पूर्ण सृष्टि किसी गहरे ध्यान में लीन हो। आकाश में टिमटिमाते तारों की मंद रोशनी भी जैसे मौन का अनुशासन निभा रही थी। उसी गहन शांति के बीच मेरी चेतना किसी अनदेखे लोक की ओर बढ़ने लगी। अचानक मेरी बंद आँखों के भीतर एक दिव्य, प्रखर और अलौकिक प्रकाश पुंज प्रकट हुआ। वह प्रकाश इतना तेजस्वी था कि उसकी आभा में संसार का समस्त अंधकार क्षणभर में विलीन हो गया। उस प्रकाश के मध्य से एक साधु-स्वरूप धीरे-धीरे स्पष्ट होने लगा। सिर पर सादा साफ़ा, तन पर साधारण वस्त्र, गले में मणिकों की माला, हाथ में करघे का ताना-बाना और मुखमंडल पर अपूर्व तेज। उनकी आंखों में ऐसी निर्मल चमक थी जो मानो बाहरी संसार नहीं, सीधे आत्मा के भीतर झांक रही हो। उनके व्यक्तित्व में वैराग्य की गंभीरता, सत्य की निर्भीकता और करुणा की मधुरता एक साथ विद्यमान थी। मैं विस्मय और श्रद्धा से अभिभूत होकर उन्हें निहारने लगा। शब्द जैसे मेरे कंठ में अटक गए थे। मैं कुछ पूछना चाहता था, पर उससे पहले ही उन्होंने अपनी विशिष्ट अक्खड़, निर्भीक, किन्तु वात्सल्यपूर्ण वाणी में मुझे संबोधित किया-

"पन्ने मत पलट, आँखें खोल!" उनकी यह एक पंक्ति किसी साधारण वाक्य की तरह नहीं, बल्कि मेरे अंतर्मन को झकझोर देने वाले उद्घोष की तरह प्रतीत हुई। ऐसा लगा मानो वर्षों से जमी हुई मानसिक धूल अचानक हटने लगी हो।

"ज्ञान केवल पुस्तकों में नहीं, जीवन के अनुभवों में है" कबीर मुस्कुराए। उनकी मुस्कान में करुणा भी थी और व्यंग्य भी। वे बोले-"सुन भाई साधो! तुम दिन-रात मेरी साखियां रटते हो, पोथियां पढ़ते हो, व्याख्यान देते हो और विद्वानों की तरह विमर्श करते हो। लेकिन कबीर किताबों में नहीं, 'आँखिन देखी' में बसता है।" फिर उन्होंने गहरी दृष्टि से मेरी ओर देखा और कहा-"तुम्हारी इक्कीसवीं सदी ने साक्षरता तो बढ़ा दी, पर विवेक को पीछे छोड़ दिया। तुम्हारे पास सूचनाओं का अथाह समुद्र है, लेकिन जीवन का ज्ञान सूखता जा रहा है। तुम दुनिया को पढ़ लेते हो, स्वयं को पढ़ना भूल गए हो।" उन्होंने समझाया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्रियां अर्जित करना नहीं, बल्कि मनुष्य को संवेदनशील, विवेकशील और चरित्रवान बनाना है। यदि शिक्षा अहंकार बढ़ाए और मनुष्य को मनुष्य से दूर कर दे, तो वह केवल सूचना है, ज्ञान नहीं। आज का मनुष्य इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से कुछ ही क्षणों में असीम जानकारी प्राप्त कर सकता है, किन्तु आत्मचिंतन, नैतिक विवेक और मानवीय संवेदनाएँ निरंतर क्षीण होती जा रही हैं। कबीर का यह संदेश हमें स्मरण कराता है कि ज्ञान का सर्वोच्च रूप आत्मज्ञान है। इतना कहकर उन्होंने मेरे हाथ में रखे स्मार्टफ़ोन की ओर संकेत किया और मुस्कुराकर

## कबीरदास जी के 649 वें जन्म दिवस के संदर्भ में



बोले-"हमारे समय में लोग हाट-बाजार में पाखंड करते थे, तुमने तो पाखंड का पूरा संसार अपनी हथेली में समेट लिया है।" वे आगे बोले-"यहाँ लोग दुःख भी दिखावे के लिए प्रकट करते हैं और खुशी भी प्रदर्शन के लिए। करुणा भी उँगलियों से व्यक्त होती है और प्रेम भी केवल स्क्रीन तक सीमित रह गया है। यह 'डिजिटल शोक' और 'दिखावे का उल्लास' माया का नया जाल है।" फिर उन्होंने अत्यंत सुंदर उपमा दी -"मन तो पहले भी चंचल था, पर अब यह आभासी संसार उसे और अधिक चंचल बना रहा है। अपने मनरूपी मूसे पर सजगता की बिल्ली बैठाओ। बाहर चमकने की चाह में भीतर से खोखले मत हो।" सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति का नया माध्यम दिया है, लेकिन इसके साथ तुलना, प्रदर्शन, कृत्रिम लोकप्रियता और मानसिक अशांति भी बढ़ी है। कबीर का संकेत डिजिटल माध्यमों के विरोध में नहीं, बल्कि उनके विवेकपूर्ण उपयोग की ओर है। उनका संदेश है कि तकनीक का स्वामी बनो, उसका दास नहीं। अब उनके मुखमंडल पर गंभीरता स्पष्ट दिखाई देने लगी। उन्होंने दृढ़ स्वर में कहा-"मैं छह सौ वर्ष पहले भी रोया था-'आपस में दोऊ लरि-लरि मुए, मरम न काहू जाना।' आज भी वही दृश्य देख रहा हूँ। केवल लड़ने के कारण बदल गए हैं।" वे बोले-"आज तुम धर्म, जाति, भाषा, विचारधारा और राजनीति के नाम पर एक-दूसरे से घृणा कर रहे हो। जिसने सबको बनाया, वही सबमें बसता है। जब नूर एक है, तो भेदभाव कैसा?"

उन्होंने आगे कहा-"मंदिर और मस्जिद की दीवारों से बाहर निकलो। ईश्वर पत्थरों में कम, मनुष्य के हृदय में अधिक बसता है। हर जीव में उसी परम सत्ता की धड़कन है।" कबीर का यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। धार्मिक कट्टरता, जातीय भेदभाव, सामाजिक विभाजन और वैचारिक असहिष्णुता आधुनिक समाज की गंभीर चुनौतियाँ हैं। कबीर का दर्शन हमें बताता है कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। कुछ क्षणों बाद उनके चेहरे पर पुनः सहज मुस्कान लौट आई। उन्होंने स्नेहपूर्वक मेरे कंधे पर हाथ रखा और कहा-"आज तुम्हारी दुनिया में हर व्यक्ति अधिक पाने की दौड़ में भाग रहा है। इस अंधी प्रतिस्पर्धा ने तुम्हारे मन की शांति छीन ली है।" फिर उन्होंने अपना प्रसिद्ध दोहा स्मरण कराया-"साईं इतना दीजिए, जामे कुटुम समाय। मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाय।"

वे बोले-"आवश्यकता से अधिक संग्रह मनुष्य को समृद्ध नहीं, बल्कि असुरक्षित बना देता है। जब संतोष भीतर बस जाता है, तब बाहरी वैभव फीका पड़ जाता है।" उपभोक्तावाद के इस युग में सफलता का मापदंड धन और भौतिक संपत्ति बन गया है। परिणामस्वरूप तनाव, असंतोष और मानसिक अवसाद बढ़ रहे हैं। कबीर का संतोष-दर्शन आधुनिक 'मिनिमलिज़्म', सतत जीवनशैली और मानसिक संतुलन का मूल आधार बन सकता है।

अब वह दिव्य प्रकाश धीरे-धीरे मंद होने लगा। ऐसा प्रतीत हुआ कि उनके लौटने का समय आ गया है। उन्होंने करघे पर बुने जा रहे ताने-बाने को स्नेहपूर्वक स्पर्श किया और गंभीर, किन्तु अत्यंत मधुर स्वर में बोले-"याद रखना,चाहे तुम कितने भी बड़े प्रोफेसर, विद्वान, वैज्ञानिक या ज्ञानी क्यों न बन जाओ, यदि तुम्हारे हृदय में समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए करुणा नहीं है, तो तुम्हारा ज्ञान कुएँ के रुके हुए पानी की तरह है-जो न स्वयं बहता है और न किसी की प्यास बुझाता है।" उन्होंने आगे कहा-"ज्ञान तभी सार्थक है जब वह सेवा में बदले, शिक्षा तभी सफल है जब वह संवेदना जगाए, और जीवन तभी पूर्ण है जब उसमें प्रेम हो। इसलिए जाओ, संसार को फिर से 'ढाई आखर प्रेम का' पाठ पढ़ाओ। यही कबीर का वास्तविक संदेश है।" इतना कहकर वे मंद-मंद मुस्कुराए। वह दिव्य प्रकाश धीरे-धीरे आकाश में विलीन होने लगा। मैं उन्हें रोकना चाहता था, पर शब्द फिर मौन हो गए। तभी मेरी आँखें खुलीं। बाहर पूर्व दिशा में उषा की लालिमा फैल चुकी थी। पक्षियों का कलरव आरंभ हो चुका था, पर मेरे भीतर अब भी कबीर की वाणी गूँज रही थी। मुझे अनुभव हुआ कि यह केवल स्वप्न नहीं था, बल्कि आत्मा का जागरण था। कबीर ने मुझे यह समझा दिया था कि मनुष्य का वास्तविक विकास तकनीकी प्रगति, आर्थिक सम्पन्नता या बौद्धिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि विवेक, सत्य, करुणा, संतोष और प्रेम से होता है। आज की दुनिया यदि कबीर के इन पाँच सूत्रों- आत्मज्ञान, सजगता, मानवता, संतोष और प्रेम-को अपने जीवन में उतार ले, तो अनेक सामाजिक, मानसिक और नैतिक संकट स्वतः समाप्त हो सकते हैं। वास्तव में, कबीर केवल पंद्रहवीं शताब्दी के संत नहीं हैं; वे प्रत्येक युग की जाग्रत अंतरात्मा हैं। उनकी वाणी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, क्योंकि मनुष्य बदल गया है, पर उसके भीतर की समस्याएं नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# फिरहाद की कोई क्यों करे फरियाद?

देश की बात



सत्येंद्र प्रताप सिंह

फिरहाद हाकिम कभी अभिषेक बनर्जी के बाद तृणमूल कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते थे। पार्टी संगठन में अभिषेक बनर्जी का कद भले ही अधिक रहा हो, लेकिन राज्य सरकार और कोलकाता नगर निगम में यदि ममता बनर्जी के बाद किसी की सबसे अधिक तूती बोलती थी, तो वह फिरहाद हाकिम ही थे। ममता बनर्जी सार्वजनिक स्थलों पर भी उन्हें औपचारिक नाम से नहीं, बल्कि प्यार से बॉबी कहकर पुकारती थीं। सिर्फ़ नगर विकास और शहरी प्रशासन ही नहीं, बल्कि सरकार और पार्टी के अनेक महत्वपूर्ण फैसलों में भी बॉबी की राय को खास महत्व मिलता था। प्रशासनिक पकड़, संगठन पर प्रभाव और मुख्यमंत्री के भरोसे ने उन्हें सत्ता के सबसे ताकतवर चेहरों में शामिल कर दिया था। लेकिन राजनीति में समय हमेशा एक-सा नहीं रहता। जो नेता कभी सत्ता के सबसे मजबूत स्तंभ माने जाते थे, वही आज बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच खुद को अलग-थलग पाते दिख रहे हैं। शुभेंदु अधिकारी और ऋतोब्रत बनर्जी से नजदीकियां बढ़ाने के बावजूद सत्ता के गलियारों में उनकी पहले जैसी धमक अब नहीं रही।

### फिरहाद की गिरफ्तारी की मांग

कोलकाता के तारातला में निर्माणाधीन गोदाम ढहने की घटना में पूर्व मेयर फिरहाद हाकिम की गिरफ्तारी की मांग लगातार तेज होती जा रही है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा विधानसभा में उनका नाम लिए जाने के बाद ममता बनर्जी समर्थक तृणमूल नेता, वाम दल, कांग्रेस और भाजपा सभी उनसे पूछताछ और गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, 20 नवंबर को नगर निगम की बिल्डिंग कमेटी की बैठक में नक्शे को सशर्त स्वीकृति दी गई थी और अंतिम अनुमति मेयर या बिल्डिंग विभाग के प्रभारी की मंजूरी पर निर्भर थी। बैठक की कार्यवाही पर तत्कालीन मेयर और बिल्डिंग विभाग के प्रभारी फिरहाद हाकिम के हस्ताक्षर मौजूद हैं। हालांकि, फिरहाद हाकिम ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि गोदाम अवैध नहीं था और निगरानी में कमी रही। उनका कहना है कि वह तकनीकी विशेषज्ञ नहीं हैं और बैठक की कार्यवाही पर उनका हस्ताक्षर केवल औपचारिक प्रक्रिया का हिस्सा था। इस बीच, ममता गुट के विधायक कुणाल घोष ने फिरहाद हाकिम को हिरासत में लेकर पूछताछ की मांग की है। ममता गुट की सांसद महुआ मोइत्रा ने सवाल उठाया कि यदि अन्य नेताओं को जेल भेजा जा सकता है, तो फिरहाद हाकिम को क्यों नहीं? वहीं वामपंथी सुजन चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि क्या सरकार समर्थक विपक्ष का हिस्सा होने के कारण पूर्व मेयर पर कार्रवाई नहीं हो रही है? भाजपा नेताओं का कहना है कि जब स्वयं मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी विधानसभा में दस्तावेजों के साथ फिरहाद हाकिम की भूमिका का उल्लेख कर चुके हैं, तब सरकार उन्हें बचा रही है या नहीं, यह सवाल स्वाभाविक है। मामले में मुख्यमंत्री ने फिरहाद हाकिम के तत्कालीन ओएसडी कालीचरण बंद्योपाध्याय का भी नाम लिया था। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। गोदाम के मालिक शंभुनाथ बेहरा को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। हादसे की जांच जारी है और अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि क्या पूर्व मेयर फिरहाद हाकिम के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई होती है।भाजपा का दावा है कि जांच में जुड़े किसी भी व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा। दूसरी ओर, कालीघाट खेमे का आरोप है कि यदि फिरहाद हाकिम को गिरफ्तार नहीं किया गया तो जनता के बीच भाजपा और ऋतोब्रत बनर्जी खेमे के बीच 'सेटिंग' की धारणा मजबूत होगी। उनका यह भी दावा है कि फिरहाद हाकिम की बेटी प्रियदर्शिनी हाकिम, जो भवानीपुर चुनाव मामले में संभावित महत्वपूर्ण गवाह हैं, इस पूरे राजनीतिक समीकरण का एक अहम पहलू बन गई हैं। बहरहाल, ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है- जब खुद फिरहाद हाकिम का राजनीतिक प्रभाव सिमटता दिखाई दे रहा हो, तो उनकी फरियाद आखिर कौन सुनेगा? यही आज की बंगाल की राजनीति का सबसे बड़ा क्रूर व्यंग्य भी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### संत कबीर दास समरसता के अमर संदेशवाहक



संजय सर्राफ

भारत के महान संत, समाज सुधारक और निर्गुण भक्ति धारा के प्रमुख कवि संत कबीर दास की जयंती पूरे देश में श्रद्धा, आस्था और सम्मान के साथ मनाई जाती है। इस वर्ष संत कबीर दास जयंती 29 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर मनाई जाएगी। इस दिन देशभर में कबीर पंथी आश्रमों,मंदिरों तथा विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा सत्संग, भजन-कीर्तन, कबीर वाणी का पाठ, प्रवचन,भंडारा एवं सेवा कार्यों का आयोजन किया जाता है। संत कबीर दास के जन्म के संबंध में विभिन्न मत प्रचलित हैं, किंतु व्यापक रूप से माना जाता है कि उनका जन्म वर्ष 1398 ईस्वी में ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन वाराणसी के निकट लहरतारा क्षेत्र में हुआ था। लोक परंपरा के अनुसार उनका पालन-पोषण मुस्लिम दंपति किया। इसी कारण उनके जीवन में हिंदू और मुस्लिम दोनों परंपराओं का सुंदर समन्वय दिखाई देता है।संत कबीर दास जयंती से जुड़ी कथा के अनुसार कबीर बचपन से हीआध्यात्मिक प्रवृत्ति के थे। वे स्वामी रामानंद को अपना गुरु बनाना चाहते थे। कहा जाता है कि एक दिन वे प्रातःकाल उस मार्ग पर लेट गए जहाँ से स्वामी रामानंद गंगा स्नान के लिए जाते थे। अंधेरे में उनका पैर कबीर पर पड़ गया और उनके मुख से अनायास राम-राम शब्द निकला। कबीर ने इसे ही गुरु-मंत्र मान लिया और आजीवन राम नाम का स्मरण करते हुए प्रेम, भक्ति, सत्य और मानवता का संदेश फैलाया। इस जयंती का मुख्य उद्देश्य संत कबीर की शिक्षाओं, मानवीय मूल्यों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने जाति-पांति, ऊंच-नीच, धार्मिक कट्टरता, पाखंड और बाहरी आडंबर का विरोध किया तथा सच्चे आचरण, ईश्वर-भक्ति, सत्य, प्रेम और सेवा को जीवन का वास्तविक धर्म बताया।उनके दोहे आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं और नैतिक जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। संत कबीर दास जयंती की विशेषता यह है कि यह किसी एक धर्म या समुदाय का पर्व नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेम, समानता और भाईचारे का उत्सव है।

## राष्ट्रीय नवीन मेल धर्म-अध्यात्म

### संपदा या प्रियजनों की क्षति



श्री श्री परमहंस योगानंद

एक अर्थ में, दुःख आपका सबसे श्रेष्ठ मित्र है, क्योंकि यह आपको ईश्वर की खोज करना प्रारम्भ कराता है। जब आप संसार की अपूर्णताओं को स्पष्ट रूप से देखना प्रारम्भ कर देते हैं, तब आप ईश्वर की पूर्णता की खोज करना आरम्भ कर देंगे। सच्चाई यह है कि ईश्वर बुराई का प्रयोग हमें नष्ट करने के लिए नहीं कर रहे हैं, अपितु हमें वे अपने खिलौनों, इस संसार के खिलौनों के साथ मोहभंग करने के लिए कर रहे हैं, ताकि हम सम्भवतः उन्हें खोजें। विषाद जगन्माता के दुलार से बाहर फैलाए हुए स्नेहिल हाथ की छाया है। यह न भूलें। कभी-कभी जब मां आपको दुलारने लगती है, तो आपको छूने से पहले उसके हाथ की एक छाया बनती है। अतः जब कष्ट आता है तो यह न सोचें कि वे आपको सज़ा दे रही हैं; उनका हाथ जब आपको अपने निकट लाने के लिए बढ़ता है तो उनके हाथ की छाया किसी आशीर्वाद के रूप में आप पर पड़ती है। दुःख उनके लिए अच्छा शिक्षक है जो इससे तत्परता एवं इच्छापूर्वक सीखना चाहते हैं। परन्तु जो उसका विरोध एवं इस पर नाराजगी व्यक्त करते हैं, उनके लिए यह पीड़ादायक बन जाता है। दुःख हमें लगभग सभी कुछ सिखा सकता है। इसकी शिक्षाएं हमें चेतना का विकास करने हेतु प्रेरित करती हैं। उदाहरणार्थ, पेट दर्द हमें सिखाता है कि हम अधिक न खाएं और ध्यान रखें कि हम क्या खा रहे हैं। सम्पदा या प्रियजनों की क्षति हमें माया के इस संसार में सभी वस्तुओं की अस्थायी प्रकृति का पुनः स्मरण कराती है। बुरे कार्यों के परिणाम हमें विवेक के अभ्यास की प्रेरणा देते हैं। ज्ञान के माध्यम से क्यों न सीखें? तब आप स्वयं को दुःख के कठोर अधिकारी के अनावश्यक पीड़ापूर्ण अनुशासन के अधीन नहीं करेंगे।

**-पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

## फेसबुक वॉल से



## एक्स से



# आप बस पैसा कमाइए, बाकी सब कुछ भाड़ झोंकिए!

अलग बात



राजीव थेपड़ा

कहीं पर प्रश्न उठा है इन तस्वीरों के माध्यम से, नैतिकता-अनैतिकता आदि का। थोड़ा विवादित विषय है यह। क्योंकि कोई क्या करता है। यह उसकी अपनी मर्जी है।

(अब यह बात अलग है कि हम इतने उच्चश्रृंखल या अनियंत्रित-असीमित आजाद भी नहीं कि समाज से परे जाकर अपनी मनमर्जी से कुछ भी करने लगें!)

जहां तक इन चीजों का सवाल है, मुझे लगता है कि यदि कोई किसी हद में रह कर अपना काम करता है। तो उसमें कुछ बुरा भी नहीं। देखा जाए तो सदा से ही ग्लैमर समाज के सर चढ़कर बोलता रहा है। ग्लैमर देखा जाता है, इसलिए ग्लैमर सबसे ज़्यादा बिकता है। इसलिए ग्लैमर में अपार पैसा है। बल्कि उससे जुड़ी प्रत्येक वस्तु में पैसा है ग्लैमर से जुड़ी वस्तुएं के धंधे में भी अपार प्रॉफिट है। और सच तो यह है कि पैसे के लिए ही हम सब हैं, जीने के लिए थोड़ी ना हैं। जीने के लिए हम कम हैं, पैसा कमाने की एक मशीन के रूप में ज्यादा हैं। बल्कि पैसा कमाते हुए असल में हम जीना भी भूल जाते हैं। ऐसा नहीं है यह जिंदगी हमें जीने के बहुत सारे अवसर नहीं देती। लेकिन पैसा कमाने की धुन में हम उन अवसरों को भी छोड़ देते हैं। अब यहां पर सवाल यह उठता है कि कौन-सा काम गलत है और कौन-सा काम सही है? तो एक ही बात कहना चाहूंगा कि जिसके हाथ जो काम लगता है, वह वही कर डालता है। मुख्य मुद्दा है हाथ में पैसा आना! पैसा आना नैतिकता और अनैतिकता से परे की बात हो गई है। रास्ता कोई भी हो बस



पैसा आना चाहिए! हम सब पैसे के लिए मरे जा रहे हैं। और पैसे के लिए हमारा हमारी यह अतिशयता भरी या पागलपन भरी लाग जब तक खत्म नहीं होगी या हम जब तक यह नहीं समझ जाएंगे कि हमें कितना जीना है और उस जीने के लिए कितना कमाना है या यूं कहो कि सही तरीके से जीने के लिए कितना कमाना पर्याप्त होगा! और जीने के लिए अन्य गतिविधियां कौन-सी व कितनी होंगी। जिसके साथ या जिनको करते हुए हम लोगों के साथ भी जुड़े रहते हुए एक गुणवत्तापूर्ण जीवन जी सकें। और लोगों से जुड़ने की बात भी बाद की बात है। पहले तो यूं हो कि हम अपने परिवार से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से जुड़े हुए रहते हुए अटूट पारिवारिक रिश्तों के साथ जी सकें। किन्तु जब तक पैसा पहले रहेगा, तब तक इन बातों का कोई औचित्य ही नहीं है। क्योंकि अकूत दौलत कमाने के इससे हमारे निहित तर्क भी इतने ऊल-जलूल हैं, जिन पर बात करने से इस विषय पर कोई समाधान भी नहीं मिलता, क्योंकि वह तर्क नहीं कुतर्क हैं। फिर जिसके पास जो साधन है, वह उसी से ना कमाएगा? किसी को कोई अवसर नहीं मिलेगा तो वह चोरी करेगा, डकैती करेगा और जब उसका मन बढ़ जाएगा या उसे कोई ऐसी सीख दे दे, जिससे कि वह आतंकवाद करके भी कमा सके, तो वह भी करेगा। तो यहां मैटर नैतिकता का तो है ही नहीं। इसलिए बेशक हम इन विषयों पर कितनी ही रांद-काट क्यों न मचा लें, दुनिया बिल्कुल ऐसे ही चलती रहेगी, जैसे कि अभी वह चल रही है! पैसा है, तो जीवन है। बाकी जीवन कैसा है, क्या है! फ़िज़ूल है कि सार्थक है। इससे हमको क्या? कोई मतलब नहीं है। और कई बार तो यह सवाल उठाने वाले नैतिकता के कारण नहीं, बल्कि किसी/किन्हीं पैसे वाले के प्रति अपनी ईर्ष्या के कारण भी यह सवाल उठाते हैं! हालांकि यह मेरा किसी पर आरोप नहीं है। लेकिन ऐसा भी होता है। अलबत्ता एक बात और है कि अपने-आप को सही राह से पैसा कमाते हुए, समझते हुए हम किसी ज्यादा पैसा कमाने वाले को आरोपित और लांछित करने के अधिकारी भी हो जाते हैं। ऐसा भी मैं अक्सर पाता हूं। तो कुल मिलाकर स्थिति गड्डमगड्ड है। यद्यपि उपरोक्त तस्वीरें या इससे भी ज्यादा नग्न तस्वीरें, अश्लील तस्वीरें, वीडियो, किताबें, फिल्में आदि हमारी नैतिकता पर एक प्रश्न तो है ही! लेकिन यह प्रश्न खड़े करने वाले हम क्या यह देख पाने में भी सक्षम हैं कि इन तस्वीरों या वीडियो और फिल्मों, या जिसे भी हम अश्लीलता की संज्ञा दे रहे हैं, का आस्वाद दरअसल कौन ले रहा है? यदि हम नहीं ले रहे होते, तो फिर यह दिखती ही क्यों और बिकती भी कैसे? तो बहुत बार हम अपने छुपे हुए चरित्र को नहीं देखते हुए, दिखाई देती हुई चीजों पर आक्रोशित होते हैं। किन्तु मेरी समझ से यही एक अलग और एक्चुअली सबसे बड़ा सवाल यही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

घुटनों पर क्यों आ गए, जो थे कुछ नायाब।
शायद चंदा चौथ का, देख चुके हैं सा'ब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




# हल्की बारिश में जलमग्न हुआ स्कूल



## एनएच और नगर परिषद की लापरवाही आई सामने

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहर के हृदय स्थल में स्थित राजकीय कस्तूरबा बालिका मध्य विद्यालय इन दिनों प्रशासनिक उदासीनता और तकनीकी लापरवाही का दंश झेल रहा है। मानसून की शुरुआती और हल्की बारिश में ही स्कूल का पूरा प्रांगण और मुख्य गली पूरी तरह जलमग्न हो गई है।

स्थिति इतनी विकराल हो चुकी है कि स्कूल के मुख्य गेट के सामने सड़क पर घुटने तक पानी भर गया है, जिससे छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और राहगीरों का पैदल चलना तो दूर, वाहनों से गुजरना भी दूभर हो गया है। जैसा कि तस्वीर में साफ देखा जा सकता है, लोग जान जोखिम में डालकर इस गंदे पानी के बीच से गुजरने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कूल परिसर में जलजमाव का मुख्य कारण जल निकासी (ड्रेनेज सिस्टम) की मुकम्मल व्यवस्था न होना है। शहर के मेन रोड और अपर बाजार क्षेत्र की तमाम छोटी-बड़ी नालियों का गंदा पानी बहकर इसी स्कूल के प्रांगण और उसके आसपास जमा हो रहा है।

नगर परिषद द्वारा पानी की निकासी के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के कारण स्थिति 'जय हो नगर परिषद' वाले नारों को चरितार्थ कर रही है। यह मुख्य मार्ग एनएच 143ए (NH 143A) है, जो लोहरदगा-गुमला मुख्य पथ पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण और रख-रखाव के दौरान जल निकासी की उचित व्यवस्था न किए जाने के कारण आज यह स्थिति उत्पन्न हुई है। एनएच प्राधिकरण की इस घोर लापरवाही का खामियाजा स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

### गंभीर सवाल: कैसे सुरक्षित रहेंगे नौनिहाल?

इस बदहाली ने स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब हल्की बारिश में ही स्कूल टापू में तब्दील हो जाता है, तो भारी बारिश में बच्चों की सुरक्षा का क्या होगा? यदि बच्चे किसी तरह स्कूल पहुंच भी जाएं, तो इस गंदे और संक्रामक पानी के बीच से होकर वे बीमारी की चपेट में आने से कैसे बचेंगे? क्या जिला प्रशासन और नगर परिषद किसी बड़े हादसे या महामारी का इंतजार कर रहे हैं? स्थानीय अभिभावकों और जागरूक नागरिकों ने लोहरदगा जिला प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान करते हुए अविलंब जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

# उपायुक्त ने किया तीन दिवसीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारंभ

- 28 जून को बूथों पर, 29 एवं 30 जून को घर-घर जाकर बच्चों को पिलायी जाएगी पोलियो की दवा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने जिले के सदर अस्पताल परिसर में तीन दिवसीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की तथा जिलेवासियों से अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम को पूरा सहयोग दें।
उपायुक्त ने कहा कि पोलियो उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय पर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं और यह सुनिश्चित करें कि "कोई बच्चा छूटे नहीं।" जिला प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत 28 जून को जिले के सभी निर्धारित बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जा रही है। वहीं, बूथों पर किसी कारणवश छूट जाने वाले 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को 29 एवं 30 जून 2026 को स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलायी जाएगी।
अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में 1,288 वैक्सीनेटर एवं 65 पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा 644 आईपीपीआई बूथ, 15 ट्रांजिट दल, 55 मोबाइल दल तथा 27 साथी टीमों का गठन किया गया है। इस अभियान के दौरान जिले के 77,910 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर पीडी आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, डॉ डीएन सिंह, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, चिकित्सक, एएनएम, सहिया एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# भूमि बोध कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को किया गया जागरूक



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुरकी तोड़ार पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन में डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा और सचिव मनोरंजन कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा और ग्राम नियोजन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को भूमि बोध कार्यशाला का आयोजन किया गया.आयोजित भूमि बोध कार्यशाला में पीएलवी पुन्नू देवी, प्रियांशु कुमार,दीपक कुमार और जितेन्द्र कुमार के द्वारा भूमि की खरीद बिक्री,सीएनटी एक्ट अधिनियम दाखिल खारिज की प्रक्रिया तथा ऑनलाइन के माध्यम से भूमि अभिलेख और नशा से होने वाले दुष्प्रभाव,बाल विवाह डायन कुप्रथा के बारे में ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दि गई.वही कार्यक के माध्यम से ग्रामीणों ने भी उत्साह पूर्वक अपने हक अधिकार,सरकार द्वारा संचालित विकास कार्य के बारे में विभिन्न तरह के जानकारी प्राप्त किये साथ ही ग्रामीणों को किसी भी परेशानी होने पर समस्या का समाधान के लिये हेल्पलाइन नम्बर 100 - 112 और 1098 पर सूचना देने के लिये बताया गया.बच्चे बच्चियों का कम उम्र में शादी विवाह नही करने और शिक्षा का महत्व के बारे में भी ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक बताया गया।

# अहद कॉलोनी में घर का ताला तोड़कर चोरी, नगदी और जेवरात लेकर फरार हुए चोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के अहद कॉलोनी बंगला मुहल्ला में रहने वाले नजरुल अंसारी के घर में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी शनिवार सुबह मुहल्ले के लोगों ने मोबाइल फोन के माध्यम से परिवार को दी। सूचना मिलने के बाद परिवार तत्काल वापस लौटा और पुलिस को मामले की जानकारी दी। बताया जाता है कि नजरुल अंसारी का परिवार अपने पैतृक गांव पलामू जिले के पांकी गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर में रखे करीब 10 से 15 हजार रुपये की रेजगारी समेत पायल, दो लॉकेट, नाक का सोने का फूल तथा अन्य जेवरात चोरी कर लिए। उल्लेखनीय है कि लगभग एक वर्ष पूर्व भी नजरुल अंसारी के छोटे भाई सजूल अंसारी के घर में चोरी की घटना हुई थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से मुहल्लेवासियों में चिंता का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार के सदस्यों तथा स्थानीय लोगों से आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है।

# राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में चितरी डांडू के बच्चों ने लहराया परचम




**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा (लोहदगा)।** राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में पीएम श्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चितरी डांडू के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे जिले में परचम लहराया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में पूरे लोहरदगा जिले से मात्र पांच स्कूलों के 14 बच्चे ही सफलता हासिल कर सके हैं, जिनमें सबसे अधिक पांच विद्यार्थी अकेले इसी विद्यालय से हैं। गर्व की बात यह है कि विद्यालय की आठवीं कक्षा की सभी पांचों बच्चियों ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर शत-प्रतिशत सफलता दर्ज की है। सफल छात्राओं में पूजा कुमारी, अनूपा उरांव, सरना उरांव, अनिमा उरांव और सदफ परवीन शामिल हैं। इन मेधावी छात्राओं को शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित एक समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। छात्राओं की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनीष कुमार अग्रवाल ने कहा, "इन बच्चियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे प्रखंड और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इनकी सफलता पर पूरे विद्यालय परिवार को गर्व है।" उन्होंने आगे कहा कि पीएम श्री विद्यालय योजना के अंतर्गत स्कूल में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। छात्राओं की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षक-शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन का ही सुखद परिणाम है।

छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रधानाध्यापक मनीष कुमार अग्रवाल के अलावा शिक्षक अवधेश यादव, संगीता खलखो, सुनील उरांव, मोहन राम, इस्मत परवीन और दुर्गा प्रजापति समेत अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## पशुपालन में तकनीक, सम्मान और अवसर का संगम

# पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धति से पशु पालने व आधुनिक तकनीकों को अपनाने की सलाह

- कार्यक्रम में मौजूद लोगों को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया

**नवीन मेल संवाददाता**




**कुडू-लोहरदगा।** पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन, वैज्ञानिक पशु पोषण तथा डेयरी व्यवसाय के नवीनतम तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के उद्देश्य से पशु आहार निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी गोबिंद ग्वाला द्वारा कुडू प्रखंड के नवाटोली में पांचवें भव्य ग्राहक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में लोहरदगा, गुमला, रांची, लातेहार, डाल्टनगंज तथा आसपास के क्षेत्रों से आए 250 से अधिक पशुपालकों, प्रगतिशील किसानों, फीड डीलरों, वितरकों एवं कंपनी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंपनी के विभाग प्रमुख आर.के. सिंह ने कहा कि पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि तथा पशुपालकों की आय बढ़ाने में संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण पशु आहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन करने तथा आधुनिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी, जिससे डेयरी व्यवसाय को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाया जा सके। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले किसानों को सम्मानित भी किया गया। मनोज प्रसाद, सुषमा देवी एवं माधुरी देवी को बेजुबान पशुओं की सेवा, डेयरी विकास तथा पशुपालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। वहीं, गौरव ट्रेडर्स के संचालक ओम प्रकाश कुमार को झारखंड एवं छत्तीसगढ़ के सुपर डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन के दौरान कंपनी की ओर से ग्राहकों के लिए विशेष योजनाओं एवं आकर्षक ऑफरों की घोषणा की गई। सम्मेलन का सबसे भावनात्मक और सराहनीय क्षण तब आया, जब विभाग प्रमुख आर.के. सिंह एवं सुपर डिस्ट्रीब्यूटर ओम प्रकाश कुमार ने कुडू प्रखंड में प्रचलित मोटिया मजदूर शब्द के स्थान पर उन्हें सम्मानपूर्वक व्यापार साथी के नाम से संबोधित करने की घोषणा की। इसके बाद सभी व्यापार साथियों को मंच पर आमंत्रित कर उपहार भेंट किए गए तथा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला डेयरी किसानों एवं फीड डीलरों के साथ कंपनी प्रतिनिधि सुप्रिया द्वारा विशेष परिचर्चा भी आयोजित की गई। प्रश्नोत्तर सत्र एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सत्र पूरे सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण रहा।

मौके पर मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी, रेखा, पुष्पा सहित विभिन्न जिलों से आए फीड डीलर, कंपनी प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित थे।

# पांच वर्ष तक के नौनिहालों को पिलाई गई पोलियो की दवा

- 13521 बच्चे बच्चियों को पिलाई जाएगी दवा

**नवीन मेल संवाददाता**




**सेन्हा-लोहरदगा।** प्लस पोलियो अभियान के तहत रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के नन्हे मुन्ने नौनिहाल बच्चे बच्चियों को पोलियो की बीमारी से बचाव के लिये पोलियो ड्रॉप की पिलाई गई.वही प्लस पोलियो कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजीत आनंद द्वारा पोलियो की दवा पिला कर प्लस पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया गया.इस संदर्भ में डॉ. संजीत आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि नवजात बच्चों के लिये पोलियो एक खतरनाक महामारी है.पोलियो रोग के कारण बच्चों का हाथ,पैर,मुंह या शरीर का अन्य हिस्सा विकलांग हो जाता है.इस बीमारी से बच्चों को सुरक्षित बचाने के लिये सरकार द्वारा 1995 में प्लस पोलियो अभियान की शुरुवात की गई थी.जिसे लगातार 0 से 5 वर्ष के नौनिहालों को प्रत्येक वर्ष पोलियो का खुराक दिया जा रहा है.जिस कारण अब देश,राज्य,जिला व प्रखंड पोलियो मुक्त की ओर है.साथ ही बताया कि प्रखंड क्षेत्र में पोलियो ड्रॉप पिलाने के लिये 115 बूथ बनाया गया है.जिसमे प्रखंड क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 13521 नन्हे मुन्ने बच्चे बच्चियों को स्वास्थ्य सहिया,आंगनबाड़ी सेविकाएं और चिकित्सा कर्मी 28 जून को बूथ में और 29 तथा 30 जून को डोर टू डोर भ्रमण कर पोलियो ड्रॉप की दवा पिलायेंगे.मौके पर मंसूर अंसारी,आलोक कुमार,शकुंतला देवी,मांती देवी,रजनी देवी,टिंकी देवी समेत अन्य स्वास्थ्य सहिया,आंगनबाड़ी सेविकाएं और चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

# रियाडा मोड़ पर बॉक्साइट ट्रक की चपेट में आई बाइक, आधे घंटे यातायात थमा

**नवीन मेल संवाददाता**






**लोहरदगा।** जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में अनियंत्रित रफ्तार से दौड़ते बॉक्साइट लदे भारी वाहन अब आम जनता के लिए 'काल' साबित हो रहे हैं। रविवार को शहर के रियाडा मोड़ के समीप एक बार फिर एक तेज रफ्तार बॉक्साइट ट्रक की चपेट में आने से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि दोनों युवकों की जान बाल-बाल बच गई, लेकिन इस घटना ने शहरवासियों के जेहन में सुरक्षा को लेकर एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। चश्मदीदों के अनुसार, टक्कर इतनी जोर दार थी कि बाइक पूरी तरह से ट्रक (रजिस्ट्रेशन नंबर- जेएच 08 सी 1776) के नीचे फंस गई और मलबे में तब्दील हो गई। हादसे के तुरंत बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना में घायल युवकों की पहचान चितरी गांव निवासी दिलकश अंसारी और खालिद अंसारी के रूप में हुई है।
जानकारी के अनुसार, दोनों युवक किसी निजी कार्य से लोहरदगा शहर आए थे और अपना काम निपटाकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रियाडा मोड़ के पास तेज रफ्तार बॉक्साइट ट्रक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। लगातार सामने आ रही इन जानलेवा दुर्घटनाओं के बाद लोहरदगा के नागरिकों में भारी वाहनों, विशेषकर बॉक्साइट ट्रकों की बेलगाम रफ्तार और यातायात नियमों के उल्लंघन को लेकर गहरा असंतोष है। बुद्धिजीवियों और स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शहर की सीमा के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश के लिए समय सीमा (नो-एंट्री) तय की जाए और तेज गति से चलने वाले वाहनों पर गति-सीमा (स्पीड लिमिट) का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## बाल-बाल बचे दोनों बाइक सवार, पुलिस ने ट्रक को किया ज़ब्त

घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा सदर थाना पुलिस तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं, फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। इस हादसे के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे करीब आधे घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। बाद में पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम हटाया और आवागमन को सामान्य कराया। गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले शहर के व्यस्ततम मिशन चौक पर भी एक बेकाबू बॉक्साइट ट्रक ने एक ही परिवार के तीन लोगों को रौंद दिया था।





**पुरवाई -2026, जफराबाद-जौनपुर प्रस्ताव**

# क्या बदलेगा जौनपुर व जफराबाद का इतिहास?

**राजा हरिश्चंद्र व नाग राज आर्यक के किलों को संजोने की बड़ी तैयारी!**

**देश की रक्षा के लिए लड़नेवाले वज्र सैनिकों की कुमुक यहीं से रवाना होती थी**

**आस्तिक मुनि का जन्म यहीं हुआ था, जिनकी थाती है श्वेताश्वतर उपनिषद**

- **ओमप्रकाश**

**मुंबई।** पूर्वांचल और देश के दूसरे प्रवास और प्रव्रजन प्रभावित इलाकों के आर्थिक-औद्योगिक व सांस्कृतिक विकास के लिए काम कर रही संस्था पूर्वांचल विकास प्रतिष्ठान द्वारा साहित्य, संस्कृति और समाज के सृजन पर्व पुरवाई-2026 की विचार सभा यह प्रस्ताव करती है कि,

**1.** जौनपुर जिले के ज़फराबाद स्थित मनहेच किला और मछलीशहर स्थित सगरेकोट पुरातत्व संरक्षित क्षेत्र हैं। इन दोनों ही स्थानों का बड़ा ऐतिहासिक महत्व है। मनहेच के राजा हरिश्चंद्र और सगरेकोट के नाग राज आर्यक और नाग माता जरत्कारु से जुड़े होने के संकेत हैं। परवर्ती काल में मनहेच किले के स्थान पर बड़ा बौद्ध विश्वविद्यालय और बाद में वहां काशी विश्वेश्वर का रक्षक दुर्ग स्थापित किया गया। पुरातत्व विभाग के संरक्षण में होने के बावजूद मनहेच और सगरेकोट की भूमि पर बहुत तेजी से अतिक्रमण हुआ है। और स्थिति यही रही तो अगले चार-पांच साल में ये दोनों स्थान पूरी तरह से विनष्ट हो जायेंगे। हम केंद्र और राज्य सरकार से अनुरोध करते हैं कि इन दोनों स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराके उनकी भूमि की सुरक्षा और संरक्षा के समुचित प्रबंध किये जाएं। मनहेच और सगरेकोट दोनों भारत के अन्तर्कोट थे। दिल के हिस्से। वे असनि दुर्ग थे। पश्चिमी सीमा प्रांत पर जब उत्तर से हमले होते थे, तब देश की रक्षा के लिए लड़नेवाले वज्र सैनिकों की कुमुक यहीं से रवाना होती थी। अवध से लेकर भागलपुर तक के वीर यहां इकट्ठे होते थे। सगरेकोट में तो संभवतः नागवंश को बचानेवाले आस्तिक मुनि का जन्म हुआ। श्वेताश्वतर उपनिषद जिनकी थाती है। हम इन दोनों स्थानों के समुचित विकास की भी मांग करते हैं।

**2.** जमैथा और मादरडीह दोनों इतिहास और पुरातत्व की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं। दोनों का नागवंश से गहरा जुड़ाव रहा है। मादरडीह का थोड़ा सा उत्खनन हुआ है। लेकिन जमैथा अछूता पड़ा है। इतिहास और पुरातत्व की दृष्टि से इन दोनों स्थानों के व्यापक अध्ययन की जरूरत है। जमैथा को केंद्र बना कर एक बड़े व्यापक नाग परिपथ की भी कल्पना की जा सकती है। जिसका फोनेसिआ तक विस्तार होगा। इससे हमारी मध्यवर्ग की कई जातियों का बड़ा सामाजिक उन्नयन होगा, और दुनिया के कई देशों से हमारे सांस्कृतिक सम्बन्ध भी फिर से पारिभाषित होंगे। हम केंद्र और राज्य सरकार से इस दिशा में काम करने की अपील करते हैं।

**3.** मध्यकाल के तुगलक और शर्की सल्तनत के शासन के दौरान इन दोनों नगरों को पूरी तरह से ध्वस्त करके उन्हें नया नाम और नया रंग-रूप दे दिया गया था। वही नाम और रंग-रूप अभी भी चला आ रहा है। इन नगरों के पुराने नाम और रूप को जान कर उन्हें फिर से स्थापित करने की जरूरत है। हम ज़फराबाद का नाम हरिश्चन्द्र पुरी या विद्या भूमि और जौनपुर का नाम अयुतायु नगर या ऋतुपर्ण किये जाने का सुझाव देते हैं। पुराने ज़फराबाद का जिस तरह से राजा हरिश्चंद्र और दस महाविद्याओं की आराधना करनेवाली रानी तारामती से जुड़ाव था, उसी तरह इक्ष्वाकु नरेश अयुतायु और ऋतुपर्ण का पुराने जौनपुर से जुड़ाव था। हम जल्द ही बख्शा, राजेपुर, सिरकोनी, मल्हनी, मड़ियाहूं, केराकत, किलकिछा आदि स्थानों की भी मूल पहचान करके राज्य सरकार को एक पूरी सांस्कृतिक परिधि के पुनरुत्थान की प्रस्तावना देंगे।

**4.** अटाला मस्जिद संबंधी विवाद भी अनावश्यक रूप से बरसों से उलझा पड़ा है। ऐसे प्रकरण यथाशीघ्र हल न होने से सामाजिक दुराव भी बढ़ते हैं, और विवादित स्थान का समुचित सांस्कृतिक उपयोग भी नहीं हो पाता। यह सभा राज्य सरकार से अटाला मस्जिद का सर्वे कराकर सत्य, न्याय और सौजन्य पर आधारित समाधान निकालने की मांग करती है। यह काम विशुद्ध पंचायती पहल से भी संभव हो सकता है। अलगू चौधरी और जुम्मन शेख की कहानी इसी देश में लिखी गयी। राज्य सरकार चाहे तो हम ऐसी किसी पहल के लिए जरूरी जमीन और संवाद बनाने का प्रयत्न कर सकते हैं।

# भारत व सेशेल्स पुराने मित्र, हिंद महासागर हमारी साझी विरासत : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**विक्टोरिया (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि हिंद महासागर भारत और सेशेल्स के बीच दूरी नहीं, बल्कि जुड़ाव का माध्यम है। यही कारण है कि दोनों देश एक-दूसरे से अजनबियों की तरह नहीं, बल्कि पुराने मित्रों की तरह मिलते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध केवल 50 वर्ष पहले राजनयिक रिश्ते स्थापित होने से शुरू नहीं हुए थे। उन्होंने बताया कि अगस्त 1770 में जब 'टेलीमैक' नामक जहाज से पांच भारतीय सेंट ऐनी द्वीप पहुंचे थे, तभी दोनों देशों के रिश्तों की नींव पड़ गई थी। समय के साथ इन लोगों ने सेशेल्स के आधुनिक इतिहास और समाज का हिस्सा बनकर दोनों देशों के संबंधों को मजबूत किया। उन्होंने कहा, "हमारे रिश्ते केवल सरकारों ने नहीं बनाए, बल्कि लोगों, परिवारों और पीढ़ियों ने इन्हें मजबूत किया है। हिंद महासागर ने इस संबंध को संभव बनाया। यह महासागर भारत और सेशेल्स को अलग नहीं करता, बल्कि जोड़ता है।"

प्रधानमंत्री ने सेशेल्स की सांस्कृतिक विविधता की सराहना करते हुए कहा कि यहां दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने अपनी भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों को साथ लेकर एक साझा सेशेल्सी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यही विविधता इस देश की सबसे बड़ी ताकत है। पीएम मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी और वहां की जनता का उन्हें 'गार्डियन ऑफ द ब्लू होराइजन' सम्मान से सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाले सभी लोगों को प्रेरित करेगा।

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि 2015 में प्रधानमंत्री बनने के बाद हिंद महासागर क्षेत्र में उनकी पहली विदेश यात्रा सेशेल्स की ही थी। उन्होंने कहा कि उस समय भी उनका विश्वास था कि हिंद महासागर क्षेत्र के लिए भारत की रणनीति में सेशेल्स का विशेष स्थान है और एक दशक बाद यह विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

## सेशेल्स को 175 मिलि. डॉलर का विशेष पैकेज देने की घोषणा, पैट्रिक हर्मिनी ने जताया आभार



सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने रविवार को कहा कि हिंद महासागर में सुरक्षा उनके देश और भारत के बीच संबंधों के लिए जरूरी है। उन्होंने घोषणा की कि दोनों देशों ने पाइरेसी, ड्रग ट्रैफिकिंग, गैर-कानूनी मछली पकड़ने और बॉर्डर पार क्राइम से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत बहुत व्यापक और भविष्य को ध्यान में रखने वाली थी। राष्ट्रपति हर्मिनी ने कहा कि भारत और सेशेल्स ने एक बार फिर इस बात को दोहराया है कि दोनों देशों की साझेदारी समान भौगोलिक स्थिति, इतिहास और एक स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच "सस्टेनेबिलिटी, आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए संयुक्त विजन" को लागू करने पर विशेष चर्चा हुई, जिसे सेशेल्स ने इस साल पहले अपनाया था। उन्होंने भारत के लगातार समर्थन के लिए आभार जताया। राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों ने कई समझौते किए हैं, जिनसे विदेश सेवा, डिजिटल बैंकिंग, स्वास्थ्य, कृषि, समुद्र विज्ञान, प्रत्यर्पण, अंतरिक्ष अनुसंधान और नए राष्ट्रीय अस्पताल के निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा। सेशेल्स ने भारत द्वारा दिए गए समर्थन, जैसे समुद्री निगरानी, हाइड्रोग्राफी और रक्षा क्षमता बढ़ाने की सराहना की। राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने बताया कि भारत ने सेशेल्स को 175 मिलियन डॉलर का विशेष आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है, जिसमें सामाजिक आवास, परिवहन, कौशल विकास, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। डॉ. हर्मिनी ने विकास साझेदारी को भारत-सेशेल्स संबंधों का मजबूत स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि समुद्री पड़ोसियों के तौर पर हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा हमारे संबंधों के लिए जरूरी है। उन्होंने भारत के सहयोग का आभार जताया।

## सेशेल्स ने पीएम मोदी को 'गार्डियन ऑफ द ब्लू होराइजन' की उपाधि प्रदान की



पीएम मोदी को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में नेतृत्व के लिए सेशेल्स की ओर से देश का सर्वोच्च सम्मान 'गार्डियन ऑफ द ब्लू होराइजन' प्रदान किया गया है। रविवार को राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने उन्हें ये सम्मान दिया। 'गार्डियन ऑफ द ब्लू होराइजन' सम्मान प्रधानमंत्री मोदी की लंबे समय से जारी उस नीति और दृष्टिकोण को मान्यता देता है, जिसमें सतत विकास, हरित विकास और पर्यावरण-अनुकूल नीतियों पर जोर दिया गया है। यह उपाधि उन कई वैश्विक मान्यताओं में नवीनतम है, जो प्रधानमंत्री मोदी को जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए मिल चुकी हैं। पिछले महीने मई 2026 में, संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने उन्हें कृषि क्षेत्र को मजबूत करने, खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और सतत कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए एग्रीकोला मेडल प्रदान किया था। वर्ष 2018 में उन्हें सोल पीस प्राइज से सम्मानित किया गया था, जो वैश्विक सहयोग, समावेशी विकास और सतत आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है। इसी वर्ष संयुक्त राष्ट्र ने भी उन्हें प्रतिष्ठित चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवॉर्ड प्रदान किया था, जो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सर्वोच्च वैश्विक सम्मान माना जाता है। सेशेल्स द्वारा दिया गया यह नया सम्मान प्रधानमंत्री मोदी के वैश्विक पर्यावरणीय नेतृत्व और "ग्रीन विज़न" को और अधिक मजबूत मान्यता के रूप में देखा जा रहा है।

## फ्रांस में पैराशूट प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, 11 की मौत

**पेरिस (आईएएनएस)।** फ्रांस के उत्तर-पूर्वी शहर टॉम्बलेन में रविवार को एक नागरिक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार 11 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। वहीं सऊदी अरब में भी एक हेलिकॉप्टर हादसे की खबर है। इसमें 14 लोगों की मौत हो गई है। टॉम्बलेन हादसे की बात करें तो अधिकारियों के अनुसार,विमान के पायलट सहित 10 यात्रियों की जान चली गई। मृतकों में पांच छात्र और पांच प्रशिक्षक शामिल हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, यह विमान एक पैराशूट प्रशिक्षण स्कूल का था। यह हादसा रविवार सुबह करीब 11 बजे उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद नैंसी-एसी हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने लोगों से म्यूरथ-ए-मोसेल विभाग स्थित हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्र से दूर रहने की अपील की है। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने बताया कि गृह मंत्री घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

# ट्रंप (+नेतन्याहू) के घमंड और युद्ध ने पूरी दुनिया के ₹290 लाख करोड़ का किया स्वाहा

**कागजी युद्धविराम का छीछालेदर, होर्मुज पर संकट : भारत के ₹1.5 लाख करोड़ दांव पर !**

- **मेडल की चमक और बारूद का धुआं : इजरायली सम्मान के बाद भारत पर टूटा खाड़ी संकट का सबसे बड़ा आर्थिक वज्रपात!**

**-कुशाल जीना**



**नई दिल्ली।** दुनिया के नक्शे पर जब भी बारूद फटता है, उसकी सबसे पहली और गहरी चोट आम इंसान की जेब और देशों की अर्थव्यवस्था पर लगती है। विश्व के महाघमंडी दो देशों तानाशाहों , अमेरिका( +इजरायल) ने मिलकर ईरान पर जो हमला किया , इस युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को उस कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है जहां से वापसी का रास्ता केवल भयंकर वैश्विक मंदी की ओर जाता है। वैश्विक आर्थिक मंचों (IEP 2026 रिपोर्ट) के अनुसार, यदि यह युद्धविराम पूरी तरह विफल होकर पूर्ण युद्ध में बदलता है, तो बहुत ज्यादा नुकसान होगा। अभी तक ही पूरी दुनिया को कुल मिलाकर $3.5 ट्रिलियन यानी भारतीय रुपयों में लगभग 290 लाख करोड़ का सीधा नुकसान होने की बात कही जा रही है। वर्तमान में चल रहे 'सामरिक ठहराव' के टूटने और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी से रोजाना अरबों डॉलर पानी में बह रहे हैं। इस आर्थिक सुनामी का सबसे हैरान करने वाला पहलू इसका टाइमिंग है। युद्ध की इस ताजा मिसाइल बाजी से ठीक दो दिन पहले, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के विशेष निमंत्रण पर वहां द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और सर्वोच्च सम्मान लेने पहुंचे थे। लेकिन इस रणनीतिक दोस्ती की कूटनीतिक चमक अभी भारत महसूस करता, उसके पहले ही खाड़ी क्षेत्र में होर्मुज की नाकेबंदी, फिर थोड़ी राहत, फिर नाके बंदी ने भारत के सामने अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है।

**महा नुकसान का डेटा चार्ट –**

(नोट : वैश्विक संस्थाओं के डॉलर आंकड़ों को 84 प्रति डॉलर की दर से भारतीय रुपयों में बदला गया है)

| देश / क्षेत्र | अब तक का वास्तविक और बुनियादी नुकसान (भारतीय रुपयों में) | भविष्य में होने वाले नुकसान की आशंका (यदि युद्ध दोबारा भड़का) |
|---|---|---|
| ईरान (मुख्य रणभूमि) | ₹22 **लाख करोड़ से** ₹30 **लाख करोड़** का इंफ्रास्ट्रक्चर ध्वस्त। तेल निर्यात ठप होने से जीडीपी में 15% की ऐतिहासिक गिरावट आ चुकी है। | पूर्ण युद्ध की स्थिति में जीडीपी **25% तक सिकुड़ जाएगी** और नुकसान ₹37 **लाख करोड़** के पार जाएगा। 20 लाख नौकरियां खत्म होने की कगार पर हैं। |
| अमेरिका | खाड़ी में प्रतिदिन सैन्य अभियानों पर ₹16,000 **करोड़ से ज्यादा** का खर्च। वाशिंगटन और वैश्विक शेयर बाजारों के डूबने से निवेशकों के खरबों रुपये स्वाहा। | नए मोर्चे खुलने से अमेरिकी रक्षा बजट पर ₹15 **लाख करोड़ से अधिक** का अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ने की आशंका है। |
| इजरायल | ₹1.2 **लाख करोड़ से** ₹5 **लाख करोड़** का नुकसान (पर्यटन, टेक निवेश पूरी तरह ठप)। लेबनान मोर्चे पर रोजाना अरबों का बारूद स्वाहा। | युद्ध लंबा खींचने पर आंतरिक आर्थिक ढांचा पूरी तरह चरमरा जाएगा और देश तकनीकी मंदी के दलदल में धंस जाएगा। |
| खाड़ी देश (सऊदी, कतर, UAE) | कतर को ₹5 **लाख करोड़** और सऊदी अरब को ₹14.5 **लाख करोड़** की आर्थिक चोट। होर्मुज में ₹10.5 **लाख करोड़ के मालवाहक जहाज** फंसे हैं। | पूर्ण नाकेबंदी जारी रही तो सऊदी की जीडीपी 6% और कतर की जीडीपी 15% तक गिर जाएगी, जिससे अरबों डॉलर का बिजनेस साफ हो जाएगा। |
| भारत (India) | तेल की कीमतों में आए उछाल और डॉलर के मुकाबले रुपये के टूटने से अब तक ₹1.5 **लाख करोड़ से अधिक** का अतिरिक्त आयात बिल बढ़ा। | **आने वाला संकट:** खाड़ी में रह रहे लाखों भारतीयों के रोजगार पर लात पड़ेगी, जिससे सालाना आने वाला ₹7.3 **लाख करोड़ का रेमिटेंस (विदेशी धन)** रुक जाएगा। देश में महंगाई 8% के पार जा सकती है। |

**कड़वी हकीकत**

ग्लोबल थिंक टैंक्स (जैसे इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस - IEP व वर्ल्ड बैंक) तथा ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के ताजा आंकड़ों व वैश्विक अर्थशास्त्रियों का मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप की "पहले मिसाइल दागो, फिर बात करो" वाली नीति से भले ही अमेरिका को अपनी धाक बचाने का झूठा संतोष मिल जाए, लेकिन इसकी असली कीमत भारत जैसे विकासशील देशों को चुकानी पड़ रही है। कच्चा तेल $120 प्रति बैरल के स्तर को छू चुका है। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया का 20% तेल और गैस गुजरता है। इसकी पूर्ण नाकेबंदी का मतलब है—दुनिया भर में फैक्ट्रियों का चक्का जाम होना और माल ढुलाई महंगी होना। कूटनीति की मेजें अब सूनी हैं, और यह साफ हो चुका है कि यह तथाकथित युद्धविराम कोई परमानेंट शांति नहीं, बल्कि केवल दो हफ्तों का एक 'सामरिक ठहराव' था, अब फिर वही मिटा देने की धमकी, जिसकी कीमत अब पूरी मानव सभ्यता अपनी जेब से चुका रही है।




# स्कूली खेलों में झारखंड को दो राष्ट्रीय सम्मान

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टीम को दी बधाई

- राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट आयोजन और खिलाड़ियों के विकास में योगदान के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को मिला सम्मान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्कूली खेलों के क्षेत्र में झारखंड ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की वार्षिक आम बैठक में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय स्कूली खेलों के सफल आयोजन और खिलाड़ियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किए गए। झारखंड को पहला सम्मान "सराहना पुरस्कार" के रूप में मिला। यह पुरस्कार भारतीय स्कूली टीमों के राष्ट्रीय चयन ट्रायल, कोचिंग कैंपों के बेहतर आयोजन, प्रभावी समन्वय और युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया।

वहीं, झारखंड को 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के "सर्वश्रेष्ठ आयोजक में द्वितीय स्थान" का सम्मान भी प्राप्त हुआ। राज्य ने 35 में से 34.40 अंक हासिल कर उत्कृष्ट श्रेणी में स्थान बनाया। यह पुरस्कार रांची में 13 से 17 जनवरी 2026 तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली साइकिलिंग (ट्रैक एवं रोड) अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 तथा बालक-बालिका शतरंज अंडर-14 प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए दिया गया। एसजीएफआई के मूल्यांकन में खिलाड़ियों के आवास, पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था, खेल अधोसंरचना, तकनीकी संचालन, परिवहन व्यवस्था, स्वयंसेवकों के सहयोग और आयोजन प्रबंधन को उच्च स्तर का पाया गया। 27 जून को नई दिल्ली में आयोजित एसजीएफआई की वार्षिक आम बैठक में झारखंड की ओर से राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (खेल) धीरसेन सोरेंग और खेल कोषांग के चंद्रदेव सिंह ने यह सम्मान प्राप्त किया। सम्मान एसजीएफआई निदेशक दीपक कुमार द्वारा प्रदान किया गया।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन सहित खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों और आयोजन टीम को बधाई दी गई। झारखंड को मिले ये सम्मान राज्य में विकसित हो रही खेल संस्कृति, बेहतर आयोजन क्षमता और युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के प्रयासों की बड़ी उपलब्धि माने जा रहे हैं। यह सफलता आने वाले वर्षों में झारखंड को देश के अग्रणी स्कूली खेल राज्यों में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# राजयोग ध्यान से मिलती है आंतरिक शक्ति और मानसिक शांति: डॉ पवन वर्णवाल

**नवीन मेल संवाददाता**



रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र, चौधरी बगान (हरमू रोड) में रविवार को डॉक्टर्स दिवस और चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) दिवस के पूर्व सप्ताह के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों और चार्टर्ड एकाउंटेंटों ने आध्यात्मिकता, मानसिक शांति और जीवन मूल्यों पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोचिकित्सक डॉ पवन वर्णवाल ने कहा कि राजयोग ध्यान चिकित्सकों को मानसिक शांति प्रदान करने के साथ-साथ मरीजों के प्रति सहानुभूति, संवेदनशीलता और भावनात्मक जुड़ाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि तनावपूर्ण कार्य वातावरण में मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए ध्यान अत्यंत उपयोगी है।

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमकुम विद्यार्थी ने कहा कि आज के समय में प्रत्येक पेशे से जुड़े लोगों के लिए मानसिक शांति बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान में उन्हें विशेष शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ, जो जीवन और कार्य दोनों में संतुलन बनाए रखने में सहायक है। चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्थान, रांची चैप्टर के चेयरमैन अनीश जैन ने कहा कि आध्यात्मिकता व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देती है। वहीं संस्थान के सचिव दिलीप कुमार ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि राजयोग का ज्ञान कठिन परिस्थितियों में भी व्यक्ति को आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास प्रदान करता है। रांची चैप्टर के उपाध्यक्ष विवेक खोवाल ने कहा कि आध्यात्मिकता व्यक्ति को निःस्वार्थ प्रेम, सकारात्मक सोच और श्रेष्ठ जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जीवनशैली समाज में बेहतर संबंधों और सकारात्मक वातावरण के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## शिक्षक दिवस पर विरोध प्रदर्शन करेंगे शिक्षक-कर्मी

**रांची।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड इम्प्लाई फेडरेशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन द्वारा निर्धारित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और कर्मचारियों के ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। इसी क्रम में शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों की ओर से शिक्षकों का लगातार हो रहे आर्थिक और मानसिक शोषण के विरुद्ध शिक्षक दिवस के दिन भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पुरानी पेंशन कैशलेस मेडिकल व चाइल्ड केयर लीव का लाभ लेने के क्रम में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को लेकर संबंधित विभागों के सचिव, मुख्य सचिव और मंत्रीगण से मिलकर समाधान के लिए प्रयास किया जाएगा।

# सस्टेनेबल मार्केटिंग पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) और इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (आईएमई), कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'सस्टेनेबल मार्केटिंग डिलीवरिंग वैल्यू' पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का रविवार को सफल समापन हुआ।

कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय 'सस-टेक इनोवेशन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के जरिए क्लाइमेट एक्शन से मार्केट इम्पैक्ट तक' था। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भारत सहित विदेशों के शिक्षाविद, शोधकर्ता, उद्योग विशेषज्ञ, नीति निर्माता और विद्यार्थी हाइब्रिड मोड में शामिल हुए। तीन दिनों तक चली कॉन्फ्रेंस में सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी, जिम्मेदार मार्केटिंग और सतत विकास लक्ष्यों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। कॉन्फ्रेंस के जनरल चेयर और एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने कहा कि वर्तमान समय में सस्टेनेबिलिटी को केवल चर्चा तक सीमित रखने के बजाय शोध, नैतिकता और सामूहिक जिम्मेदारी के आधार पर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

## एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन, नागरिकता जांच का विरोध

**रांची।** एसआईआर की गैर-लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अल्बर्ट एक्का चौक पर विरोध प्रदर्शन किया. जहां सैकड़ों लोग एकत्रित हुए और विरोध दर्ज कराया. इस दौरान चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की गई. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि SIR के माध्यम से नागरिकता जांच की कोशिश की जा रही है, जिसे उन्होंने असंवैधानिक और लोकतंत्र विरोधी बताया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि मतदाता सूची का ऑडिट ग्राम सभा और वार्ड सभा स्तर पर होना चाहिए, न कि केवल चुनाव आयोग के दफ्तरों में। उन्होंने हमारी पहचान, हमारा खतियान के नारे के साथ स्थानीय स्तर पर पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में प्रवीर पीटर, झारखंड सर्वोदय मंडल से अफजल अनीस कई संगठनों के प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

# 50 बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर, मिला प्रमाण पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बच्चों और युवाओं को सशक्त, अनुशासित और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बारियातू में आयोजित दो दिवसीय निशुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हुआ। यह शिविर डांस वांस एकेडमी, बारियातू और उत्कल कराटे स्कूल (झारखंड शाखा) के संयुक्त तत्वावधान में फर्स्ट फ्लोर, जुलका कॉम्प्लेक्स, मेडिकल चौक, बरियातू, रांची में आयोजित किया गया था। दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में करीब 50 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस), कराटे तकनीक, अनुशासन एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के गुर सीखे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी एवं 'रिलेशंस' के निदेशक श्री आशुतोष द्विवेदी ने सफल प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वर्तमान समय में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण हर बच्चे और युवा के लिए आवश्यक है। कराटे केवल शारीरिक मजबूती ही नहीं देता, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता का भी विकास करता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डांस वांस एकेडमी के निदेशक श्री शिवम मनोहरन और लक्ष्मी मिश्रा उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन, मेहनत और सीखने की लगन की सराहना की। शिविर के दौरान प्रशिक्षकों ने बच्चों को कराटे की विभिन्न तकनीकों और आत्मरक्षा के तरीकों का प्रशिक्षण दिया। सेम्पई रवि कुमार ने वार्म-अप और बुनियादी प्रशिक्षण कराया, जबकि चंदन कुमार ने काता का विशेष अभ्यास करवाया।

## श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की बैठक

# गुरु पूर्णिमा की तैयारियों पर मंथन

- 19 जुलाई को स्वामी सदानंद जी महाराज का रांची आगमन
- 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर होगा भव्य धार्मिक आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ट्रस्ट द्वारा संचालित धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का मुख्य विषय संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के रांची आगमन एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां रहीं। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 जुलाई को स्वामी सदानंद जी महाराज के रांची आगमन पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में भव्य स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर गुरुजी का प्रवचन एवं श्री कृष्ण कथा का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

ट्रस्ट ने निर्णय लिया कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें पूजा-अर्चना, गुरु वंदना, भजन-कीर्तन, सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण जैसे आयोजन होंगे। इसके अलावा 2 अगस्त को स्वामी सदानंद जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

बैठक में ट्रस्ट द्वारा संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर एवं श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला में चल रहे सेवा कार्यों की भी समीक्षा की गई। सेवा गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने एवं विस्तार देने का संकल्प लिया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक में उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया, संजय सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, प्रभास गोयल, सुरेश चौधरी, पवन कुमार अग्रवाल, सुरेश भगत, पवन पोद्दार, ज्ञान प्रकाश शर्मा सहित ट्रस्ट के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## पेज एक के शेष

### धरोहर को संरक्षित...

वे पहले भी कई मौकों पर खुद कार चलाकर विभिन्न स्थानों का दौरा करते और रास्ते में आम लोगों से सहजता से मिलते-जुलते नजर आए हैं।

### पूर्व मंत्री रामेश्वर...

इससे पहले जांच के दौरान ईडी ने योगेंद्र तिवारी से जुड़े शराब कारोबार मामले में तत्कालीन मंत्री रामेश्वर उरांव, उनके पुत्र रोहित उरांव तथा अन्य संबंधित लोगों के ठिकानों पर छापेमारी भी की थी। जांच एजेंसी को छापेमारी और दस्तावेजों की जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली थीं। ईडी की जांच में यह भी सामने आया था कि रोहित उरांव की ओर से शराब के व्यापार के लिए एक एकरारनामा किया गया था। हालांकि, जांच एजेंसी के अनुसार, इस एकरारनामे के बावजूद रोहित उरांव ने शराब के कारोबार में वास्तविक रूप से प्रवेश नहीं किया था। जांच एजेंसी यह भी पड़ताल कर रही है कि वर्ष 2022 की नई उत्पाद नीति लागू होने से पहले राज्य में शराब के थोक कारोबार में योगेंद्र तिवारी से जुड़ी कंपनियों की क्या भूमिका थी। ईडी के अनुसार, उस समय झारखंड के अधिसंख्य जिलों में योगेंद्र तिवारी से संबंधित कंपनियों के पास शराब के थोक व्यापार के लाइसेंस थे। ईडी अब पूछताछ के दौरान उपलब्ध दस्तावेजों, वित्तीय लेनदेन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास करेगी। मामले में जांच अभी जारी है और एजेंसी ने आगे भी आवश्यक कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

### सीसीएल की प्रस्तावित...

यह सड़क कोयला परिवहन के उद्देश्य से प्रस्तावित है। चर्चा के दौरान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रस्ताव का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि भुतहा नाला एवं उसके आसपास का क्षेत्र मवेशियों के चरने का प्रमुख स्थान है। साथ ही अधिकांश भूमि पर ग्रामीण खेती करते हैं। यह भूमि रैयती तथा बिहार सरकार की गैरमजरुआ (अनाबाद) भूमि है, जिसकी वर्षों से ग्रामीण देखरेख और सुरक्षा करते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जर्री और नगड़ा गांव के बीच घनी आबादी है। ऐसे में इस मार्ग से भारी वाहनों का परिचालन सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं होगा। इससे आम लोगों की जान-माल की सुरक्षा, कृषि कार्य और ग्रामीणों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ग्रामसभा में उपस्थित लोगों ने कहा कि सीसीएल पिछले लगभग 35 वर्षों से एक निर्धारित मार्ग से कोयला परिवहन करती आ रही है। ऐसे में पुराने मार्ग को छोड़कर नई सड़क बनाकर कोयला परिवहन करने का औचित्य समझ से परे है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि वे कोयला परिवहन के लिए अपनी उपजाऊ भूमि किसी भी स्थिति में उपलब्ध नहीं कराएंगे। बैठक का संचालन राजन यादव ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भू-रैयत उपस्थित रहे।

### रांची में 4.305...

एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अमर कुमार पांडेय ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति तैमारा की ओर से बाइक पर अवैध अफीम लेकर रामपुर क्षेत्र में बेचने के उद्देश्य से आने वाला है। सूचना के आधार पर नामकुम थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने रांची-टाटा मार्ग पर नामकुम और दशमफॉल थाना क्षेत्र की सीमा के पास राईसा नदी के निकट वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान तैमारा की ओर से आ रहे एक नीले रंग की मोटरसाइकिल सवार को रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन वह बाइक घुमाकर वापस भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान सनिका मुंडा के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसकी बाइक में टंगे एक झोले से 4.305 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने अफीम, बाइक और मोबाइल फोन जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### जेल पहुंचते ही...

वहीं, उसका पति सुजीत कुमार सिन्हा झारखंड का कुख्यात माफिया माना जाता है, जिस पर संगठित अपराध गिरोह संचालित करने के आरोप हैं। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि सुजीत कुमार सिन्हा और रिया सिन्हा जेल में रहते हुए भी अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से रंगदारी, लूट, हत्या और आर्म्स एक्ट से जुड़े अपराधों का संचालन कराते रहे हैं। पुलिस का दावा है कि दोनों लंबे समय से जेल के भीतर से संगठित अपराध के जरिए अवैध गतिविधियों को संचालित करते रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने बरामद मोबाइल फोन, सिम कार्ड, चार्जर और कॉपी को जब्त कर तकनीकी एवं फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि मोबाइल के माध्यम से किन लोगों से संपर्क किया गया, इस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल है और जेल के भीतर से अपराध संचालन के आरोपों में कितनी सच्चाई है। पुलिस का कहना है कि जांच में नए तथ्य सामने आने पर इस मामले में अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### 2027 तक तैयार...

एक शाखा गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन तक जाएगी, जबकि दूसरी बरवाडीह रेलवे स्टेशन से जुड़ेगी। यह रेल लाइन भंडारिया और बरगढ़ क्षेत्र से होकर गुजरेगी। उन्होंने कहा कि 30 जून को परियोजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। यदि किसी प्रकार की तकनीकी अथवा प्रशासनिक बाधा सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उसका समाधान किया जाएगा, ताकि सभी विकास परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हो सकें।

### रिम्स की जमीन...

इस मामले में अन्य संबंधित व्यक्तियों और अधिकारियों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है। ज्ञात हो कि रिम्स की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बहुमंजिला अपार्टमेंट और मकानों का निर्माण किए जाने के मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। न्यायालय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर निर्मित अवैध निर्माणों को ध्वस्त कराया था। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने टिप्पणी की थी कि इतने बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं प्रतीत होता। इसके बाद न्यायालय ने पूरे मामले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को सौंपने का निर्देश दिया था। जांच के क्रम में एसीबी ने अंचल कार्यालय के तत्कालीन अधिकारियों, बिल्डरों और कथित बिचौलियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच में यह भी सामने आया कि अवैध निर्माण कार्यों पर लगभग 14 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। आरोप है कि सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री के लिए फर्जी दस्तावेज और जाली वंशावली का उपयोग किया गया।

एसीबी के अनुसार, मामले के एक अन्य आरोपी प्रमोद महतो की तलाश जारी है। उसके विरुद्ध अदालत से गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुका है। जांच एजेंसी का कहना है कि पूरे मामले में शामिल सभी व्यक्तियों की भूमिका की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## दृष्टिपात

### रांची में टीडीएस मेगा आउटरीच कार्यक्रम आज

**रांची।** आयकर विभाग (बिहार एवं झारखंड) की ओर से स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'टीडीएस मेगा आउटरीच प्रोग्राम-2026' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सोमवार को दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक रांची के सीसीएल ऑडिटोरियम, दरभंगा हाउस (लोक भवन के सामने) में आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, बिहार एवं झारखंड के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य टीडीएस से जुड़े नियमों, अनुपालन और करदाताओं की जिम्मेदारियों के प्रति व्यापक जनजागरूकता पैदा करना है। आयकर विभाग ने इस अभियान को 'प्रारंभ पहल के तहत आयोजित किया है। कार्यक्रम में टीडीएस के सही अनुपालन, समय पर कर कटौती और जमा करने की प्रक्रिया, कानूनी प्रावधानों तथा करदाताओं की शंकाओं के समाधान पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। आयकर विभाग का मानना है कि बेहतर जानकारी और जागरूकता से कर अनुपालन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे कर प्रणाली अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनेगी। विभाग ने करदाताओं, सरकारी एवं निजी संस्थानों, ड्रॉइंग एंड डिस्बर्सिंग ऑफिसर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कर सलाहकारों तथा टीडीएस से जुड़े सभी हितधारकों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### हेमंत सरकार कर रही शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य की अनदेखी : राफिया

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य की हेमंत सरकार पर शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकारी स्कूलों की स्थिति बेहद चिंताजनक हो चुकी है।



कहीं बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं, तो कहीं समय पर स्कूल ड्रेस नहीं मिल रही है। हजारों विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति लंबित है और 7,500 से अधिक सरकारी विद्यालय केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं। राफिया नाज ने कहा कि राज्य में 50 हजार से अधिक शिक्षक पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं। यू-डायस के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड का छात्र-शिक्षक अनुपात राष्ट्रीय औसत से काफी खराब है। कई विद्यालयों में एक ही शिक्षक पांच कक्षाओं की जिम्मेदारी संभाल रहा है। ऐसे में शिक्षकों को एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) जैसे प्रशासनिक कार्यों में लगाए जाने से विद्यालयों में पढ़ाई और अधिक प्रभावित होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के हजारों विद्यालय आज भी पर्याप्त कक्षाओं, फर्नीचर, शौचालय और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। सरकार ने हर वर्ष पांच लाख रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन न तो शिक्षक नियुक्त हुए, न युवाओं को रोजगार मिला और न ही बेरोजगारी भत्ता दिया गया। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी समय पर नहीं मिल रही है।

### आदित्य साहू ने पलामू तो बाबूलाल मरांडी ने चाईबासा में मन की बात कार्यक्रम को सुना



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण को हरमू स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय सहित पूरे राज्य में अलग अलग स्थानों पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने पलामू जिला अंतर्गत पोलपोल मंडल के बूथ संख्या 314 पर पोलपोल मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में नालंदा की गौरवशाली ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि नालंदा केवल एक विश्वविद्यालय नहीं था, बल्कि भारत की ज्ञान, शोध और वैश्विक बौद्धिक नेतृत्व की पहचान था। नालंदा की विरासत हमें ज्ञान, नवाचार और शोध की संस्कृति को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है तथा भारत को पुनः विश्व का ज्ञान केंद्र बनाने के संकल्प को मजबूत करती है। इस अवसर पर सांसद बी. डी. राम, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह, बूथ अध्यक्ष सुशील सिंह सहित अन्य कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहे।

### रैपिडो चालक से लूटकांड का खुलासा दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र में रैपिडो चालक से लूट की घटना का खुलासा किया है। साथ ही इस मामले में दो शातिर अपराधी को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस के मुताबिक, 26 जून की रात करीब एक बजे बड़ा तालाब स्ट्रीट के पास लूट की वारदात हुई थी, जहां बदमाशों ने रैपिडो चालक जख्मी प्रताप कुमार उर्फ मुकेश (18) पर चाकू से हमला कर उसकी बाइक लूट ली थी। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पवन कुमार मिश्रा और केशव सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों पूछताछ और उसकी निशानदेही पर पुलिस ने लूटी गई बाइक, घटना में प्रयुक्त स्टील का फोल्डिंग चाकू तथा एक-एक मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी शातिर अपराधी हैं और इनका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी पवन कुमार मिश्रा के खिलाफ रांची के विभिन्न थानों में लूट, चोरी और अन्य गंभीर धाराओं के तहत कई मामले पहले से दर्ज हैं। वहीं आरोपी केशव सिंह के विरुद्ध भी सुखदेवनगर, रातू और कोतवाली समेत विभिन्न थानों में लूट, चोरी, पॉक्सो तथा अन्य संगीन धाराओं में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एसआईआर के लिए कल से घर-घर फॉर्म देकर वोटरों का होगा सत्यापन

**रांची।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए रांची जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैयारी पूरी हो चुकी है। 30 जून से बीएलओ प्रत्येक मतदाता का सत्यापन गणना प्रपत्र के जरिये करेंगे। यह कार्य 29 जुलाई तक चलेगा। इसके लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों ने बूथ लेवल अफसरों (बीएलओ) और बीएलओ सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया है। इसमें प्रशिक्षण के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया, समय-सीमा, गणना प्रपत्र के संधारण, घर-घर सत्यापन व निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई तक प्रत्येक मतदाता का सत्यापन गणना प्रपत्र के माध्यम से किया जाएगा। इस दौरान बीएलओ अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क स्थापित करेंगे, पूर्व मुद्रित गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा निर्धारित अवधि के भीतर मतदाताओं द्वारा भरे गए प्रपत्रों का संग्रह करेंगे। समुचित संधारण करते हुए प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी।जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे सत्यापन कार्य के दौरान बीएलओ को आवश्यक सहयोग दें।


### एनसीईआरटी संचालित मंच से शिक्षकों को प्रशिक्षण और प्रमाणित पाठ्यक्रम भी मिलेंगे

# दीक्षा बना बच्चों के लिए डिजिटल शिक्षा मंच : केंद्र

- कई भाषाओं में डिजिटल लर्निंग रिसोर्स उपलब्ध कराने का मंच
- समावेशी एवं तकनीक आधारित शिक्षा को मिलता है बढ़ावा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने रविवार को कहा कि नॉलेज शेयरिंग प्लेटफॉर्म 'दीक्षा' स्कूली शिक्षा के लिए "एक देश, एक डिजिटल प्लेटफॉर्म" बनकर उभरा है। यह कई भाषाओं में पाठ्यक्रम से जुड़े डिजिटल लर्निंग रिसोर्स उपलब्ध कराता है और पूरे भारत में छात्रों और शिक्षकों के लिए समावेशी और टेक्नोलॉजी आधारित सीखने को बढ़ावा देता है। दीक्षा को 2017 में शुरू किया गया था और इसे नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) द्वारा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल टेक्नोलॉजी (सीआईईटी) के सहयोग से चलाया जा रहा है। सरकार ने इस प्लेटफॉर्म को स्कूली शिक्षा के लिए देश का "वन नेशन, वन डिजिटल प्लेटफॉर्म" बताया है, जिसका मकसद डिजिटल माध्यमों से पढ़ाई-लिखाई को जारी रखना है।सरकार के अनुसार, दीक्षा के-12 के लिए व्यापक डिजिटल लर्निंग सपोर्ट देता है, जिसमें बुनियादी साक्षरता और अंक-ज्ञान से लेकर सीनियर सेकेंडरी शिक्षा तक सब कुछ शामिल है। इस प्लेटफॉर्म को लगभग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा बोर्ड ने अपनाया है और इसे क्षेत्रीय भाषाओं, पाठ्यक्रम और पढ़ाने के तरीकों की जरूरतों के हिसाब से बदला जा सकता है।सरकार ने कहा कि दीक्षा टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के जरिए आसानी से उपलब्ध, दिलचस्प और हर किसी की जरूरत के हिसाब से सीखने के अनुभव को बढ़ावा देता है। यह प्लेटफॉर्म कॉन्सेप्ट की समझ बेहतर बनाने और सीखने के अलग-अलग तरीकों में मदद करने के लिए कई तरह के एजुकेशनल रिसोर्स देता है जिसमें 2डी और 3डी एनिमेशन, ऑगमेंटेड रियलिटी अनुभव, सिमुलेशन, वर्चुअल लैब और साइन लैंग्वेज वीडियो शामिल हैं।



### शिक्षकों के लिए प्रमाणित प्रशिक्षण उपलब्ध

यह प्लेटफॉर्म अभ्यास प्रश्नों, अनुकूली मूल्यांकन, योग्यता-आधारित प्रश्न बैंकों और विस्तृत समाधानों के माध्यम से व्यक्तिगत शिक्षण को बढ़ावा देता है, जो सीखने की कमियों की पहचान करने और समय पर हस्तक्षेप करने में सहायक होते हैं। यह एनआईएसएचटीएचए और राज्य-विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षक व्यावसायिक विकास के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में भी कार्य करता है, और शिक्षकों के लिए स्व-गति से प्रमाणित पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

### राज्यों को सामग्री प्रबंधन की सुविधा

सरकार ने कहा कि दीक्षा एक संघबद्ध संरचना पर काम करता है जो भाग लेने वाले संस्थानों और राज्यों को क्षेत्रीय भाषाओं में शैक्षिक सामग्री को स्वतंत्र रूप से अपलोड और प्रबंधित करने की अनुमति देता है। यह विकेंद्रीकृत मॉडल निर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर सीआईईटी-एनसीईआरटी द्वारा आवधिक सत्यापन के माध्यम से गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए सामग्री के स्थानीयकरण को सक्षम बनाता है।

# नालंदा विवि ने शास्त्रार्थ की प्राचीन परंपरा को फिर जीवंत किया : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह 11 बजे अपने लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों और दुनियाभर में बसे भारतीयों को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का भी जिक्र किया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय ने शास्त्रार्थ की हमारी प्राचीन परंपरा को फिर से जीवंत किया है। शास्त्रार्थ केवल अपनी बात रखने का माध्यम नहीं है। ये वाद-संवाद और मंथन की एक अनुशासित प्रक्रिया है। इसमें तर्क के साथ, तथ्य के साथ, अपनी बात कहना बहुत जरूरी होता है और उसमें आपकी महारत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरों के विचारों को धैर्य से सुनने और समझने की सीख भी इस शास्त्रार्थ की प्रक्रिया से मिलती है। मुझे खुशी है कि नालंदा विश्वविद्यालय ने इसे अपने दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनाया।इससे पहले 19 जून 2024 को भी बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा था कि नालंदा केवल एक नाम नहीं है, यह एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा मूल है और मंत्र भी है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि ज्ञान नष्ट नहीं हो सकता, भले ही पुस्तकें आग में जल जाएं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि नवीन नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना भारत के स्वर्ण युग का शुभारंभ करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि नालंदा के प्राचीन अवशेषों के निकट इसका पुनरुद्धार विश्व को भारत की क्षमताओं से परिचित कराएगा। इससे विश्व को यह जानकारी मिलेगी कि प्रबल मानवीय मूल्यों वाले राष्ट्र, इतिहास का कायाकल्प करके एक बेहतर विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं।उन्होंने कहा था नालंदा में विश्व, एशिया और कई देशों की विरासत समाहित है और इसका पुनरुद्धार सिर्फ भारतीय पहलुओं के पुनरुद्धार तक सीमित नहीं है। वहीं, प्रधानमंत्री ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली में स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस में बीटेक प्रोग्राम शुरू करने जा रही है। ये आधुनिक टेक्नोलॉजी को भारत के पारंपरिक ज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे भारतीय भाषाओं के लिए नए अल टूल्स तैयार करने में मदद मिलेगी।



- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में एआई और डेटा साइंस में बीटेक शुरू होने का किया गया स्वागत

## मन की बात हर बार नई जानकारी, नया उत्साह और नई प्रेरणा लेकर आता है : नितिन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड का देशभर में प्रसारण हुआ। इस अवसर पर दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कार्यक्रम को सुना और इसे देशवासियों तक पहुंचने का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' देशभर में हो रही सकारात्मक पहलों को एक मंच प्रदान करता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस बार प्रधानमंत्री ने 'कैच द रेन' अभियान के माध्यम से वर्षा जल संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया है। इसे जलवायु संरक्षण और जल संकट से निपटने की दिशा में बेहद अहम पहल बताया। 'मन की बात' हर बार नई जानकारी, नया उत्साह और नई प्रेरणा लेकर आता है, जिससे भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के लोग भी नागरिकों के स्वैच्छिक प्रयासों से परिचित होते हैं। उनके अनुसार, ये पहल समाज को प्रेरित करने का कार्य करती हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने खेलों के क्षेत्र में भी प्रधानमंत्री की सोच की सराहना करते हुए कहा कि 'खेलो इंडिया' अभियान को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इसका परिणाम है कि आज देश के युवा बड़ी संख्या में खेलों में हिस्सा ले रहे हैं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत रहे हैं और भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी 'मन की बात' की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम देश के हर नागरिक को प्रेरित करता है और उनमें आत्मविश्वास जगाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संबोधन में आम लोगों के उल्लेखनीय कार्यों को सामने लाते हैं।

## अगर पान मसाला और गुटखा में नशीले पदार्थ पाए गए तो लगेगा बैन : डीके शिवकुमार



**बेंगलुरु।** मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कड़ी चेतावनी दी है कि अगर कर्नाटक में बिकने वाले किसी भी तरह के पान मसाला और गुटखा में थोड़ी भी मात्रा में नशीले पदार्थ पाए गए, तो उनकी बिक्री पर रोक लगा दी जाएगी।

रविवार को बेंगलुरु के कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में आयोजित राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (आरजीयूएचएस) के 31वें स्थापना दिवस समारोह और 'नशा मुक्त भारत अभियान' कार्यक्रम में बोलते हुए शिवकुमार ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि पान मसाला, गुटखा, सुपारी से बने उत्पादों और ऐसी ही दूसरी चीजों में नशीले पदार्थ मिलाकर बाजार में बेचे जा रहे हैं। अगर यह सच है और इसे तुरंत नहीं रोका गया, तो कर्नाटक में सभी तरह के पान मसाला और गुटखा उत्पादों की बिक्री पर बैन लगा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य नशा-मुक्त कर्नाटक बनाना है। इसीलिए हम ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। 'नशा मुक्त भारत' अभियान को आगे बढ़ाने के लिए मैं आप सभी का स्वागत करता हूं। आप सभी इस मिशन के एंबेसडर हैं। नशीली दवाओं की लत को रोकना एक बड़ी चुनौती है, और हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि युवा पीढ़ी नशे की लत के जाल में न फंसे। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। लोगों की जान बचाने जैसे नेक काम को चुनने के लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज देश की सबसे बड़ी हेल्थ साइंसेज यूनिवर्सिटी है और इसने सबसे ज्यादा डॉक्टर तैयार किए हैं। कर्नाटक में 70 मेडिकल कॉलेज हैं, जो भारत के किसी भी अन्य राज्य से ज्यादा हैं। मैं राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज की स्थापना के लिए वीरप्पा मोइली का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि मेडिकल शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। बेंगलुरु का मौसम देश में कहीं और नहीं मिलता, इसीलिए इसे अक्सर 'एयर-कंडीशंड शहर' कहा जाता है।

# डॉ. महरंग की सजा के खिलाफ बलोचिस्तान में प्रदर्शन जारी

### फैसला सुनाने वाला जज पदोन्नत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्वेटा के एंटी-टेररिज्म कोर्ट के लापता बलोचों की आवाज उठाने वालीं डॉ. महरंग बलोच और सिबघतुल्लाह शाह को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के फैसले के खिलाफ बलोचिस्तान में प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच फैसला सुनाने वाले जज मोहम्मद अली मुबीन को बलोचिस्तान उच्च न्यायालय में जज के तौर पर नियुक्त करने की सिफारिश को मंजूरी प्रदान की गई है। द बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों का दावा है कि एक सरकारी एजेंसी ने इस बारे में प्रांतीय सरकार और बलोचिस्तान उच्च न्यायालय को एक प्रस्ताव भेजा है, जिसमें जज मोहम्मद अली मुबीन को उच्च न्यायालय में पदोन्नत करने की सिफारिश की गई है। सूत्रों के मुताबिक, प्रांतीय सरकार इस प्रस्ताव पर सहमत हो गई है।रिपोर्ट के मुताबिक, बलोचिस्तान उच्च न्यायालय के कुछ वरिष्ठ जजों ने एक कनिष्ठ जज को पदोन्नत करने पर एतराज जताया है। दूसरी ओर, सूत्रों का कहना है कि बलोचिस्तान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश इस फैसले से सहमत हैं। अगले कुछ दिनों में बलोचिस्तान उच्च न्यायालय मोहम्मद अली मुबीन समेत कई दूसरे जजों को न्यायमूर्ति के तौर पर नियुक्त करने के लिए अधिसूचना जारी कर सकता है। सनद रहे, उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मुनीर कक्कड़ ने सोशल मीडिया पर यह आशंका जताई थी कि डॉ. महरंग बलोच और सिबगतुल्लाह शाह को सजा सुनाने वाले जज मोहम्मद अली मुबीन को बलूचिस्तान उच्च न्यायालय में जज बनाया जा सकता है। बलोच सॉलिडेरिटी कमेटी की नेता डॉ. महरंग बलोच को ग्वादर विरोध प्रदर्शन के दौरान एक सैनिक की मौत के मामले में आतंकवाद और देशद्रोह का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।



## अमरावती में ट्रक से टकराई कार, एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती में रविवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अमरावती के धामणगांव रेलवे तहसील से गुजरने वाले समृद्धि महामार्ग पर यह भीषण हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, नागपुर से मुंबई की ओर जा रही एक कार तेज रफ्तार ने सामने चल रहे ट्रक को टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक छोटी बच्ची शामिल है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सभी मृतक चंद्रपुर जिले के रहने वाले एक ही परिवार के सदस्य थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। हादसे के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ।

# अस्पतालों, किसानों और जरूरी सेवाओं को कंटेनरों में मिलेगा ईंधन : सीएम सुवेंदु

**एजेंसी। कोलकाता**

- सरकार ने प्रमुख तेल कंपनियों को आवश्यक क्षेत्रों को छूट देने के निर्देश दिए

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को राज्य के कई अहम और आपातकालीन क्षेत्रों को बड़ी राहत देते हुए कंटेनरों में डीजल की आपूर्ति पर हाल ही में लगाए गए प्रतिबंध में ढील देने का ऐलान किया। यह राहत स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि, खाद्य आपूर्ति, सार्वजनिक सेवाओं और चाय बागानों जैसे आवश्यक क्षेत्रों को दी गई है।

मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने रविवार सुबह एक बयान जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का आधिकारिक आदेश भी साझा किया, जिसमें इन जरूरी क्षेत्रों को ईंधन संबंधी प्रतिबंधों से छूट देने की जानकारी दी गई। अपने बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम लोगों का दैनिक जीवन, आपातकालीन सेवाएं और राज्य की अर्थव्यवस्था बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से चलती रहे। उन्होंने कहा, "हाल ही में कंटेनरों में डीजल की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाया गया था, जिससे हमारे मेहनतकश किसान भाइयों, विभिन्न अस्पतालों और आपातकालीन सेवाएं देने वाले संगठनों को कामकाज में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आम जनता के हितों की रक्षा के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने तुरंत हस्तक्षेप किया।"मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके बाद राज्य सरकार ने प्रमुख तेल कंपनियों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि, खाद्य आपूर्ति, सार्वजनिक सेवाओं और चाय बागानों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को ईंधन प्रतिबंध के नियमों से पूरी तरह छूट दी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब इन आवश्यक विभागों से जुड़े व्यक्ति, संस्थाएं और ग्राहक आसानी से कंटेनर या बैरल में डीजल खरीदकर ले जा सकेंगे। साथ ही ऐसे उपभोक्ताओं को प्रतिदिन दिए जाने वाले डीजल की अधिकतम सीमा में भी राहत दी गई है।



## आज कल




### राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस | प्रो. पीसी महालनोबिस का क्या था योगदान

# कैंब्रिज प्रवास ने बदली महालनोबिस की वैज्ञानिक सोच

- महरंग सहित कई बलूच नेताओं के मौलिक अधिकारों पर चिंता जताई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस हर साल 29 जून को मनाया जाता है। यह दिवस 'भारतीय सांख्यिकी के जनक' कहे जाने वाले महान वैज्ञानिक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। महालनोबिस का जन्म 29 जून 1893 को कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में हुआ था। ऐसा कहा जाता है कि महालनोबिस का उपनाम भी डाटा प्रबंधन की ऐतिहासिक गवाही देता है। मुगलकाल में प्रशासनिक राजस्व इकाइयों को 'महल' कहा जाता था और उनके हिसाब-किताब के लेखक को फारसी में 'नवीस' कहा जाता था। इन दोनों शब्दों के संयोजन से 'महालनोबिस' उपनाम की उत्पत्ति हुई, जिसका अर्थ भूमि रिकॉर्ड रखने वाला मुंशी है। नियति ने मानो पहले ही निर्धारित कर दिया था कि वे स्वतंत्र भारत के सामाजिक-आर्थिक संकेतकों के प्रमुख लेखाकार बनेंगे। आधुनिक भारतीय सांख्यिकी प्रणाली के जनक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस जून 1913 में लंदन जाने वाली ट्रेन छूट जाने के कारण समय व्यतीत करने हेतु कैंब्रिज विश्वविद्यालय के किंग्स कॉलेज पहुंचे। बाद में उन्होंने वहां से भौतिकी और गणित में उच्च शिक्षा प्राप्त की। जुलाई 1915 में भारत लौटने की तैयारी के समय प्रथम विश्व युद्ध के कारण उनकी समुद्री नाव में विलंब हो गया।




### साक्ष्य आधारित नीति निर्माण को बढ़ावा

देश के नियोजन ढांचे को मजबूत करने में उनके ऐतिहासिक योगदान के सम्मान में प्रतिवर्ष जून 29 को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। 29 जून को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित 20वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस की आधिकारिक विषयवस्तु 'प्रशासनिक डेटा की क्षमता को अनलॉक करना' निर्धारित की गई है। यह विषय सरकारी विभागों द्वारा संकलित किए जाने वाले प्रशासनिक आंकड़ों की गुणवत्ता, को बढ़ाने पर केंद्रित है ताकि साक्ष्य-आधारित नीतिगत निर्णय लिए जा सकें।

## दृष्टिपात

### ममता बनर्जी के वफादारों पर चुन-चुनकर की जा रही है कार्रवाई: कुणाल घोष



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक कुणाल घोष ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में चल रही अंदरूनी खींचतान के लिए भाजपा को जिम्मेदार बताया हैं। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी के प्रति वफादार नेताओं और विधायकों को पुराने मामलों और अन्य आरोपों के जरिए निशाना बनाया जा रहा है, जबकि दूसरे खेमे के नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कोलकाता में मीडिया से बातचीत के दौरान कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी के भीतर जो विवाद सामने आ रहे हैं, वे पूरी तरह आंतरिक मामले हैं। जिन लोगों की ओर से आरोप लगाए जा रहे हैं और जिन समितियों या संगठनों की आलोचना की जा रही है, उनमें शामिल कई लोग स्वयं उन्हीं संस्थाओं के पदाधिकारी हैं। ऐसे में यह पूरा विवाद विरोधाभासी और भ्रम की स्थिति पैदा करने वाला है।इस दौरान कुणाल घोष ने रितब्रता से जुड़े कथित विवादों का भी जिक्र किया। हालांकि, उन्होंने इस मामले में लगाए गए आरोपों को लेकर कोई ठोस टिप्पणी नहीं की, लेकिन कहा कि इन मुद्दों को लेकर राजनीतिक माहौल बनाया जा रहा है।कुणाल घोष ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के साथ मजबूती से खड़े नेताओं को गिरफ्तार कर उन पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी की उस धारा को निशाना बनाया जा रहा है, जिसे ममता बनर्जी ने स्वयं खड़ा किया था।

### 'हमें बराबर का सम्मान व हिस्सेदारी चाहिए', यूपी में गठबंधन में कांग्रेस ने उठाई मांग



**नई दिल्ली।** आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की चर्चाओं के बीच बड़ी मांग की है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि गठबंधन की स्थिति में हमें बराबर का सम्मान और हिम्मेदारी चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने पंजाब में अरविंद केजरीवाल की नई घोषणा पर भी जवाब दिया है।राजेंद्र पाल गौतम ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "चुनाव की तैयारी पूरे उत्तर प्रदेश में चल रही है। गठबंधन की बात पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करेगा। अगर गठबंधन होता है तो वह सम्मानजनक होगा। हमें बराबर का सम्मान और हिस्सेदारी चाहिए।"अरविंद केजरीवाल की अमृतसर में माता सीता और लव-कुश का मंदिर बनवाने की घोषणा पर राजेंद्र पाल गौतम ने कहा, "केजरीवाल मेरे पुराने साथी हैं और मैं उनकी असलियत अच्छी तरह जानता हूं। वह भाजपा के लिए काम करेंगे और भाजपा जितना चाहेगी, उतना ही बोलेंगे। उससे अधिक बोलने की उनकी हिम्मत नहीं है। भाजपा अब आम आदमी पार्टी को खत्म नहीं करेगी। वह चाहती है कि ऐसी छोटी-छोटी पार्टियां बनी रहें और वोट काटती रहें, क्योंकि पूरा देश कांग्रेस की ओर देख रहा है। भाजपा खत्म न हो, इसलिए भाजपा थिंकटैंक ने सोच लिया है कि ऐसी छोटी पार्टियों को जिंदा रखो।

### अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 11 करोड़ का गांजा बरामद, बैंकाक से आया यात्री गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए बैंकॉक से आए एक यात्री के पास से 10.91 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 11 करोड़ रुपए बताई जा रही है। मामले में आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। कस्टम अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई रविवार को अहमदाबाद कस्टम की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने की। आरोपी यात्री गुजरात के जूनागढ़ जिले के मंगरोल का रहने वाला है और वह थाई एयरवेज की फ्लाइट टीजी-343 से बैंकॉक से अहमदाबाद पहुंचा था। जांच के दौरान यात्री के चेक-इन सामान की तलाशी ली गई। इसके बाद बैगेज टैग के आधार पर यात्री की पहचान कर उसे रोका गया। अधिकारियों ने जब उसके ट्रॉली बैग की गहन जांच की तो उसमें छिपाकर रखे गए चांदी रंग के पांच पॉलीथीन पैकेट मिले। इन पैकेटों में हरे रंग का पौधेनुमा पदार्थ भरा हुआ था। फील्ड टेस्टिंग किट से जांच करने पर यह हाइड्रोपोनिक गांजा निकला। कस्टम अधिकारी ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ का कुल शुद्ध वजन 10,911 ग्राम है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 11 करोड़ रुपए है।

### कांग्रेस में जोश की कमी, अब तक जनादेश न आना राहुल की असफलता: शर्मिष्ठा मुखर्जी



**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कांग्रेस नेतृत्व पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान में अपने दम पर सरकार बनाने का जोश दिखाई नहीं देता है। इसके साथ ही, शर्मिष्ठा ने राहुल गांधी को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में 2029 के चुनावों को लेकर शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा, "मैं राजनीतिक अटकलें बिल्कुल नहीं लगाना चाहूंगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 99 सीटें जीती। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' की थी और उसका एक अच्छा परिणाम आया। दुर्भाग्य यह है कि राहुल गांधी कुछ कार्यक्रम करते हैं, मगर उसके बाद वह फिर गायब हो जाते हैं।"उन्होंने आगे कहा, "राजनीति 24 घंटा और 365 दिनों का काम है। आप आएं और दो दिन बाद फिर कहीं चले जाएं। कुछ रैलियां करें और लोगों से मिलें, फिर गायब हो जाएं। इस तरह से राजनीति नहीं होती है। आम चुनावों के अलावा भी राज्यों के चुनाव होते हैं। आप सिर्फ गठबंधन करके जीत नहीं सकते हैं।

### कराची आतंकी हमले के आरोपों पर भारत का जवाब, कहा-खुद के भीतर झांके पाकिस्तान



**नई दिल्ली।** भारत ने कराची में हुए हालिया आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। भारत ने अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियाद बताया है। इसके साथ ही नसीहत दी है कि पाकिस्तान अपने देश से संचालित आतंकी ढांचे को खत्म करने पर ध्यान केंद्रित करे। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने अंदर झांकना चाहिए। पाकिस्तान द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े मीडिया के सवालों के जवाब में आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "हमने कराची में हाल ही में हुई घटना को लेकर भारत के खिलाफ लगाए गए पाकिस्तान के आरोपों वाली रिपोर्टें देखी हैं। हम इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने अंदर झांकना चाहिए, अपनी जमीन पर मौजूद आतंकवादी ढांचे के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए और आतंकवाद को राज्य की नीति के एक साधन के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी प्रवृत्ति को समाप्त करना चाहिए।

### राम मंदिर मामला: पुलिस ने टिन्नू यादव के घर से आभूषण और दस्तावेज बरामद किए गए

**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावे और दान की कथित हेराफेरी के मामले में गिरफ्तार आठों आरोपियों के घरों पर रविवार को पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के घर से आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए। शुक्रवार को आठों आरोपियों को तीन दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। वे 29 जून तक जेल में रहेंगे और सोमवार को उन्हें दोबारा स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंदिर प्रबंधन से जुड़े आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के घर से कुछ नकदी और संपत्ति से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। पुलिस रविवार शाम तक सभी आरोपियों के घरों से बरामद सामान का आकलन पूरा करेगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किसके घर से क्या-क्या मिला है। इसके बाद देर रात जांच अधिकारी यह तय करेंगे कि सोमवार को अदालत में पेशी के दौरान आरोपियों की दोबारा पुलिस रिमांड मांगी जाए या नहीं।